दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 310 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00


जयपुर। शनिवार, 13 सितंबर 2025 । आश्विन, शुक्ल पक्ष षष्ठी संवत् - 2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in  badhatarajasthan@yahoo.com  badhatarajasthan.dainik  badtarajasthan

## न्यूज़ ब्रीफ

### बाइडेन प्रशासन के रिहा किए अपराधी ने काटा भारतीय मूल के व्यक्ति का सिर



**अमेरिका, (एजेंसी)।** अमेरिका के टेक्सास में एक 50 वर्षीय भारतीय मूल के होटल मैनेजर की हत्या कर दी गई है। मैनेजर का अपने एक सहकर्मी के साथ वाशिंग मशीन को लेकर विवाद शुरू हुआ और फिर उसकी पत्नी और बेटे के सामने ही उसका सिर कलम कर दिया गया। हत्यारे के बारे में अब चौंकाने वाली जानकारियां सामने आ रही हैं जिसमें कहा जा रहा है कि वो क्यूबा का रहने वाला था और अवैध रूप से अमेरिका में रह रहा था। संदिग्ध हमलावर का रिकॉर्ड आपराधिक रहा है और हत्या के आरोप में उसे गिरफ्तार कर लिया गया है. मार्टिनेज ने ह्यूस्टन में इससे पहले भी कई अपराध किए हैं जिसमें गाड़ी चुराना और हमला करना शामिल है।

### बैडमिंटन-कोर्ट को निजी हाथों में सौंपने पर हाईकोर्ट की रोक



**जयपुर।** एसएमएस स्टेडियम के बैडमिंटन इनडोर कोर्ट को निजी हाथों में सौंपने के लिए जारी ई-टेंडर पर हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी हैं। जस्टिस अनूप ढंढ़ की अदालत ने वयम लांबा व अन्य खिलाड़ियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए 18 अगस्त को जारी ई-टेंडर पर अंतरिम रोक लगाई हैं।

वहीं राज्य सरकार और खेल परिषद को नोटिस जारी करते हुए इस मामले में जवाब मांगा हैं। खिलाड़ियों ने कहा-भारी-भरकम फीस नहीं दे पाएंगे अधिवक्ता महेन्द्र शांडिल्य ने बताया कि याचिकाकर्ता बैंडमिंटन के राष्ट्रीय स्तर के जूनियर खिलाड़ी हैं। यह एसएमएस स्टेडियम में रोज अभ्यास करते हैं। लेकिन अब सरकार ने बैडमिंटन के इनडोर कोर्ट के रखरखाव और संचालन के लिए ई-टेंडर आमंत्रित किए।

चीफ जस्टिस के बाद नाम किया एक और रिकॉर्ड, अब सामने बड़ी चुनौती

# सुशीला कार्की बनीं नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** सुशीला कार्की ने आखिरकार शुक्रवार को नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले ली. वह अंतरिम सरकार का नेतृत्व करेंगी. इसके साथ ही व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद इस सप्ताह के शुरू में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के अचानक इस्तीफे के बाद कई दिनों से जारी राजनीतिक अनिश्चितता का फिलहाल अंत हो गया। जानकारी के मुताबिक, शपथ ग्रहण के बाद राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने सुशीला कार्की से कहा कि अब देश बचाइए, सफल रहिए. कार्की ने कोई जवाब नहीं दिया और सिर्फ धन्यवाद कहा। वहीं सुशीला कार्की के शपथ ग्रहण समारोह का नेपाल की संसद के दोनों सदनों के अध्यक्षों और सांसदों ने बहिष्कार किया. राष्ट्रपति भवन से निमंत्रण मिलने पर भी प्रतिनिधि सभा के स्पीकर देवराज घिमिरे और राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष नारायण दहाल शपथ ग्रहण समरोह में नहीं पहुंचे. बता दें कि घिमिरे केपी ओली की पार्टी के सांसद हैं जबकि दहाल पूर्व पीएम पुष्प कमल दहाल प्रचण्ड की पार्टी के. सभी राजनेता संसद भंग के फैसले का विरोध कर रहे हैं।

राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्रपति कार्यालय में 73 वर्षीय कार्की को पद की शपथ दिलाई. इस अवसर पर राष्ट्रपति पौडेल और नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री के अलावा उपराष्ट्रपति राम सहाय यादव और मुख्य न्यायाधीश प्रकाश मान सिंह रावत भी मौजूद थे। राष्ट्रपति पौडेल ने कहा कि नई कार्यवाहक सरकार को छह महीने के भीतर नए संसदीय चुनाव कराने का आदेश दिया गया है। राष्ट्रपति पौडेल, नेपाल के शीर्ष सैन्य अधिकारियों और सरकार विरोधी प्रदर्शनों का नेतृत्व करने वाले युवा प्रदर्शनकारियों के बीच एक बैठक के बाद कार्की को अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए चुना गया था। राष्ट्रपति पौडेल, नेपाल सेना प्रमुख और Gen-Z प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधियों के बीच हुई बैठक में अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए कार्की के नाम पर सहमति बनी। सूत्रों ने बताया कि शपथ ग्रहण के तुरंत बाद कार्की एक छोटा मंत्रिमंडल गठित करेंगी और मंत्रिमंडल की पहली बैठक में वह विभिन्न हितधारकों के बीच बनी सहमति के अनुसार राष्ट्रपति से संसद को भंग करने की सिफारिश कर सकती हैं।



## 6 महीने में पांचवीं बार गुजरात दौरे पर राहुल गांधी... क्या साधने की कोशिश में है कांग्रेस?



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** राहुल गांधी गुजरात के पांचवें दौरे पर जिला अध्यक्षों की तालीम शिविर में संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं. खड़गे ने शिविर का उद्घाटन किया. कांग्रेस वोट चोरी और स्थानीय मुद्दों पर फोकस कर रही है. लक्ष्य 2027 में सत्ता वापसी और बीजेपी को गुजरात से चुनौती देना है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक बार फिर गुजरात के दौरे पर हैं. पिछले 6 महीनों में यह उनका पांचवां दौरा है. राहुल गांधी इस दौरे पर जिला अध्यक्षों की तालीम शिविर में मार्गदर्शन देंगे, जिसका मकसद कांग्रेस संगठन को मजबूत करना है, जिससे 2027 में पार्टी सत्ता में लौट सके. इस दौरान उनका मुख्य जोर 'वोट चोरी' और गुजरात के मुद्दों पर रहेगा। राहुल गांधी ने मार्च महीने में संगठन सृजन अभियान की शुरुआत की थी, जिसके तहत कांग्रेस के मूल कार्यकर्ताओं और मजबूत नेताओं को जिला अध्यक्ष बनाया गया है. इन अध्यक्षों को आने वाले चुनावों में अपनी विधानसभा सीट पर उम्मीदवारों के चयन में शामिल होने की शक्ति मिलेगी.

राहुल गांधी का मानना है कि अगर बीजेपी को देश भर में हराना है, तो इसकी शुरुआत गुजरात से ही करनी होगी, इसीलिए वह गुजरात संगठन पर इतना जोर दे रहे हैं। दस दिन के इस तालीम शिविर का उद्घाटन दो दिन पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने किया था. इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस में ही कहीं कमी रही, जिसकी वजह से आज गुजरात के वो लोग देश पर राज कर रहे हैं, जो देश को कमजोर कर रहे हैं. उन्होंने जिला अध्यक्षों से खुद को मजबूत करने और लड़ाई में

'फैसला मुश्किल था, रिश्तों में दरार आई...'

# भारत पर टैरिफ लगाने को लेकर बोले डोनाल्ड ट्रंप

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ऐसी नीति जिसने पूरी दुनिया के मुल्कों के व्यवसाय करने के तौर तरीके पर असर डाला. ज्यादातर मुल्कों ने अमेरिका की शर्तें मानीं, जिसकी वजह से ट्रंप का उन देशों के प्रति नरम रुख दिखा. जिन्होंने अपने देश को प्राथमिकता दी और ट्रंप के नीतियों के अनुसार नहीं चला उन्हें दुनिया के सबसे शक्तिशाली मुल्क का विरोध झेलना पड़ा। भारत भी ऐसा मुल्क रहा जो अमेरिका के सामने झुका नहीं और उस पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया. यानि की भारत पर कुल टैरिफ 50 फीसदी पहुंच गया. इस वजह से भारत-अमेरिका के बीच दशकों से चले आ रहे मित्रता संबंध में कड़वाहट आ गई।



फॉक्स न्यूज से बात करते हुए, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत पर रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर अतिरिक्त टैरिफ लगाना आसान काम नही था. हमने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ इसलिए लगाया क्योंकि वह रूस से तेल ख़रीद रहा था. इसकी वजह से अमेरिका और भारत के बीच कुछ तनाव भी पैदा हुआ. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि यह फैसला लेना बहुत कड़ा था और इस फैसले से दोनों देशों के बीच फासला बन गया। ट्रंप ने कहा, 'लेकिन मैं यह पहले ही कर चुका हूं. मैंने बहुत कुछ किया है. याद रखिए कि यह हमारी समस्या कहीं ज्यादा यूरोप की समस्या है।' ट्रंप ने एक बार फिर से दोहराया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष पर विराम लगाया, कांगो और रवांडा के बीच युद्ध रोका. उन्होंने दावा किया कि दूसरे कार्यकाल के दौरान कई युद्ध पर विराम लगाए हैं। वहीं, भारत ने टैरिफ को लेकर साफ कहना है कि वह अपने देश की प्राथमिकता को सबसे पहले देखेगा. वह रूस से तेल इसलिए खरीदता है क्योंकि उसकी अपनी ऊर्जा जरूरतें हैं और बाज़ार की स्थितियों के अनुकूल खरीदारी करता है अमेरिका चाहता है कि भारत उससे तेल और तेल के उत्पाद खरीदे. इसे लेकर दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ताएं भी

## स्पाइसजेट फ्लाइट का टायर टेकऑफ के दौरान रनवे पर गिरा, मुंबई एयरपोर्ट पर लैंडिंग; सभी 75 यात्री सुरक्षित



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई, (एजेंसी)।** 12 सितंबर को कांडला से मुंबई जा रहे स्पाइसजेट के एक विमान में एक बड़ा हादसा टल गया. उड़ान भरने के बाद, विमान का एक बाहरी पहिया टूटकर कांडला हवाई अड्डे के रनवे पर गिर गया. एयरलाइन ने एक बयान में बताया कि यह घटना स्पाइसजेट के क्यू400 विमान के साथ हुई।

कांडला एटीसी (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) ने उड़ान के बाद रनवे पर कुछ गिरता हुआ देखा. उन्होंने तुरंत पायलट को इसकी सूचना दी. जांच करने पर पता चला कि धातु के छल्ले और एक पहिया जमीन पर पड़े थे. हालांकि, यह दावा किया जा रहा है कि टायर गिरने का वीडियो यात्री ने बनाया है। विमान ने अपनी मुंबई की यात्रा जारी रखी. मुंबई हवाई अड्डे पर दमकल और बचाव दल को हाई अलर्ट पर रखा गया था. हालांकि, पायलटों की सूझबूझ और नियंत्रण के कारण विमान शाम 4 बजे सुरक्षित रूप से उतर गया।सफलतापूर्वक लैंडिंग के बाद, विमान अपनी शक्ति से टर्मिनल तक पहुंचा और सभी यात्रियों को सामान्य रूप से उतारा गया. एक क्यू400 विमान में छह टायर होते हैं. इस घटना के दौरान विमान में कितने लोग सवार थे, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है. यह घटना दिखाती है कि कैसे आपातकालीन स्थिति में भी पायलटों और एयरलाइन के कर्मचारियों की तत्परता से एक बड़ा हादसा टाला जा सकता है।

## फिलिस्तीन को राज्य का दर्जा देने के सपोर्ट में भारत

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र महासभा में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुआ, जिसमें भारत समेत कुल 142 देशों ने अपना समर्थन दिया. ये प्रस्ताव फ्रांस द्वारा प्रस्तुत किया गया था और इसका उद्देश्य इजरायल और फिलिस्तीनी समुदाय के बीच शांतिपूर्ण समाधान को बढ़ावा देना और दो-राज्य समाधान को लागू करना है. भारत ने संयुक्त राष्ट्र में फ़िलिस्तीन को राज्य का दर्जा देने के पक्ष में मतदान किया है। इस प्रस्ताव में अक्टूबर 2023 में हमास द्वारा इजरायल पर किए गए हमले की निंदा की गई, जिसमें 1200 लोगों की मौत हुई थी और 250 से अधिक लोग बंधक बनाए गए थे. इसके साथ-साथ प्रस्ताव में गाजा में इजरायल की जवाबी कार्रवाई की भी आलोचना की, जिसमें नागरिक बर्बादी, इंफ्रास्ट्रक्चर की तबाही, नाकेबंदी और भुखमरी की वजह से पैदा हुए मानवीय संकट का भी जिक्र किया गया। प्रस्ताव में इजरायल से यह भी आग्रह किया गया कि वह दो-राज्य समाधान (टू-स्टेट सॉल्यूशन ) के लिए स्पष्ट प्रतिबद्धता व्यक्त करे. साथ ही सभी हिंसक कदमों पर तुरंत ब्रेक लगाए. कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्रों में नई बस्तियों और जमीन पर कब्जा न करने का वादा करे. पूर्वी येरूशलम समेत किसी भी भाग को जोड़ने या विस्तार करने की नीति से सार्वजनिक रूप से इनकार करे।




प्रदूषण | सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

# 'दिल्ली के लिए विशेष नियम नहीं बन सकता', पटाखा बैन को लेकर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली में प्रदूषण के चलते बीते कई साल से दिवाली पर पटाखे बैन के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बड़ा फैसला सुनाया है। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि दिल्ली के लिए विशेष नियम नहीं हो सकते। दिल्ली में पटाखा बैन पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सिर्फ दिल्ली में पटाखा बैन नहीं कर सकते। अगर पटाखे बैन हों तो पूरे देश में हों। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कहा कि प्रदूषण खत्म करने के लिए कोई भी नीति सिर्फ दिल्ली के लिए लागू नहीं रह सकती क्योंकि यहां पर 'देश के एलीट' लोग रहते हैं। अगर एनसीआर के लोगों को साफ हवा का अधिकार है तो देश के अन्य शहरों के नागरिकों को क्यों नहीं?

चीफ जस्टिस बीआर गवई ने अपनी टिप्पणी में कहा कि प्रदूषण से निपटने के लिए जो भी नीति हो वो पूरे देश में लागू होनी चाहिए। हम कोई भी पॉलिसी सिर्फ दिल्ली के लिए नहीं बना सकते क्योंकि यहां देश का एलीट क्लास रहता है।

सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणियां 3 अप्रैल के अपने उस आदेश के खिलाफ डाली गई याचिका पर की जिसमें दिल्ली-एनसीआर में पटाखों की बिक्री, जमाखोरी, ट्रांसपोर्टेशन और बनाने पर रोक लगा दी थी। चीफ जस्टिस ने कहा कि पिछली सर्दियों में वह अमृतसर गए थे और उन्हें बताया गया था कि वहां का प्रदूषण दिल्ली से भी बदतर है। सिर्फ इसलिए कि दिल्ली राजधानी है और सुप्रीम कोर्ट यहां स्थित है, क्या अन्य शहरों के नागरिकों को प्रदूषण मुक्त हवा नहीं मिलनी चाहिए। कोर्ट की यह टिप्पणी पटाखा व्यापारियों द्वारा दी गई चुनौती के संदर्भ में आई है, जिसमें कहा गया था कि कई परिवारों की आजीविका इस उद्योग पर निर्भर है।

## प्रागपुरा पटवार घर जर्जर, प्रशासन की अनदेखी से बढ़ रही परेशानी



**बढ़ता राजस्थान,पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के पीएचसी स्थित प्रागपुरा पटवार घर जर्जर स्थिति में पहुँच चुका है। निर्माण करीब तीन दशक पूर्व हुआ था, लेकिन वर्षों से मरम्मत न होने के कारण दीवारों में दरारें और छत से प्लास्टर गिरना आम बात हो गई है। बरसात के मौसम में हालात और भी गंभीर हो जाते हैं, जब सीलन और पानी के रिसाव से दस्तावेजों के नष्ट होने का खतरा रहता है। पटवारी विकास कौशिक ने बताया कि भवन की दीवारें और छत जर्जर हो चुकी हैं और सडक़ से लगभग 2 फुट नीचे होने के कारण बारिश का पानी अंदर भर जाता है। इससे न केवल कर्मचारियों बल्कि कार्य के लिए आए ग्रामीणों के लिए भी जोखिम बढ़ जाता है। पूर्व वार्ड पंच राजेन्द्र स्वामी ने कहा कि भवन की जर्जर स्थिति से ग्रामीणों को भी परेशानी हो रही है। कौशिक ने बताया कि मरम्मत या नया भवन निर्माण आवश्यक है और इसके लिए दो-तीन बार तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा गया। अब यह देखने की बात है कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और पटवार घर की मरम्मत कब तक सुनिश्चित करता है।

## साहवा के थानाधिकारी रामप्रताप बने सर्किल इंस्पेक्टर

**बढ़ता राजस्थान, साहवा (कृष्ण कुमार)।** साहवा पुलिस थाना में दो बार थानाधिकारी पद संभाल चुके एसआई रामप्रताप को पदोन्नति मिलकर सीआई (सर्किल इंस्पेक्टर) बना दिया गया। राज्य सरकार के पुलिस विभाग द्वारा हाल ही में एसआई से सीआई पदोन्नति के लिए आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद रामप्रताप को यह सम्मान हासिल हुआ। रामप्रताप के सीआई बनने की खुशी में साहवा कस्बे के लोगों ने उन्हें दूरभाष पर बधाई दी। अपने कार्यकाल के दौरान रामप्रताप ने क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास कायम करने के लिए सराहनीय कार्य किया।



## उज्जवल राजस्थान 2.0 प्रदर्शनी में उमड़ी भीड़, सांसद-विधायक समेत अधिकारियों ने किया अवलोकन



**बढ़ता राजस्थान, उदयपुर (नि.स.)।** विजुअल मेथ्स संस्था की ओर होटल इन्दर रेजीडेन्सी में आयोजित तीन दिवसीय उज्जवल राजस्थान 2.0 प्रदर्शनी के दूसरे दिन विभिन्न क्षेत्रों के आम जन की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। किसानों, विद्यार्थियों, उद्यमियों और आम जनता सहित करीब 10 हजार लोग प्रदर्शनी में पहुंचे। इस अवसर पर उदयपुर के सांसद डॉ. मन्ना लाल रावत और शहर विधायक ताराचंद जैन सहित कई अधिकारी और समाजसेवी उपस्थित रहे। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं व नीतियों की जानकारी प्रदर्शनी में आए प्रतिनिधियों से साझा की और उनके कार्यों की सराहना की। प्रदर्शनी में सीएसआईआर, सीआईपीईटी, रिको, नेशनल सैंपलिंग सर्वे, केवीआईसी, एटॉमिक एनर्जी विभाग सहित 50 से अधिक मंत्रालयों और विभागों ने सक्रिय भागीदारी की। गोवा सरकार की डीआरएस प्रोजेक्ट स्कीम भी प्रदर्शनी में प्रदर्शित की गई, जिसमें पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले उत्पादों के रीसाइक्लिंग और रिफंड की व्यवस्था बताई गई। उदाहरण के तौर पर, पानी की बोतल या चिप्स के रैपर को वापस करने पर खरीददार को भुगतान का कुछ हिस्सा लौटाया जाएगा। इस स्कीम को राजस्थान सरकार शीघ्र ही लागू करने की तैयारी कर रही है। प्रदर्शनी ने आम जन को केंद्र और राज्य की योजनाओं से जोडऩे के साथ-साथ पर्यावरण जागरूकता और उद्यमिता के नए अवसरों की जानकारी देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## श्री श्याम सेवा परिवार समिति महुवा ने समाज सेवा में योगदान देने पर द बोहरा ग्लोबल स्कूल निदेशक का किया सम्मान



**बढ़ता राजस्थान,हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** महुवा स्थित द बोहरा ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक विनय बोहरा, सह निदेशक विकास बोहरा और संरक्षक अवधेश अवस्थी को उनके सामाजिक कार्यों और समाज सेवा में योगदान के लिए श्री श्याम सेवा परिवार समिति महुवा ने सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्हें माला और साफा पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। विनय बोहरा ने बताया कि इस सम्मान से समाज में सेवा कार्यों के प्रति प्रेरणा मिलती है और श्याम सेवा परिवार ने हमेशा समाज कल्याण की दिशा में योगदान देने की प्रेरणा दी है। समिति के संरक्षक संतोष शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यों की परंपरा उनके परिवार में भी रही है और यह सभी के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम के दौरान समिति के अध्यक्ष संतोष शर्मा, महामंत्री कन्हैया शर्मा, मीडिया प्रभारी हरि सिंह नागलोत, गोविंद शर्मा, आनंद सिंघल, मुकेश सिंघल, मनीष सोनी, डैनी हंडिया, जगदीश महावर, विष्णु चौबे, विपिन, राहुल बना सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने विद्यालय प्रांगण का निरीक्षण किया, बेहतर प्रबंधन की प्रशंसा की और विद्यालय के अच्छे परिणामों के लिए बधाई दी। इस सम्मान समारोह ने समाज सेवा और शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक योगदान को मान्यता देने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

### नगर परिषद में चल रही शहरी सेवा अभियान की तैयारी

# जब जनता की जान ही जोखिम में तो काहे की शहरी सेवा

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (जीतेश रावल)।** शहर के लाखेराव तालाब में गत दिनों में दो जनों की मौत हो जाने कें बावजूद न तो प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा के प्रबंध किए गए और न ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई हुई।

यह दीगर बात है कि नगर परिषद के अधिकारी इन दिनों शहरी सेवा अभियान की तैयारी में जरूर जुटे हुए हैं। इसके लिए वृहद स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही है। प्रशासनिक अधिकारी इन तैयारियों का जायजा ले रहे हैं और कार्यवाहक आयुक्त तक माउंट आबू से यहां पहुंचे हुए हैं, लेकिन तालाबों की खुली पड़ी पाल से जनता की जान जोखिम में ही है। ज्ञातव्य है कि पुराना बस स्टैंड स्थित लाखेराव तालाब में पिछले चार दिनों में ही दो जने डूब चुके हैं। तालाब की असुरक्षित हो रहे पाल से दस वर्षीय बालिका सुरता व मगनलाल भील अंदर गिर गए थे। तालाब के जीर्णोद्धार को लेकर तीन माह पहले ही कार्यादेश जारी हो चुका है, लेकिन नगर परिषद ने अभी तक किसी की जिम्मेदारी तय नहीं की। बताया जा रहा है कि तालाब की पाल पर सुरक्षा दीवार बनाने समेत अन्य कई कार्य किए जाने हैं।

इसके लिए करीब दो करोड़ रुपए की लागत का कार्यादेश जारी किया गया है। ठेकेदार ने कार्य शुरू किए जाने के बहाने यहां लगाई बल्लियां तक हटा दी और दो जने हादसे का शिकार हो गए। नगर परिषद ने इतना जरूर किया कि बेरिकेडिंग कर तालाब पर जाने से ही रोक लगा दी।

नगर परिषद क्षेत्र के तालाब में दो जनों की मौत के बावजूद जिम्मेदार शहरी सेवा अभियान शिविरों की तैयारी में जुटे हुए हैं। उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल ने शुक्रवार को पूर्व तैयारी शिविर का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान कार्यवाहक आयुक्त शिवपाल सिंह, शिविर प्रभारी भंवराराम पटेल, अधिशाषी अभियंता विनय बोड़ा, सहायक शिविर प्रभारी पंकज गुजर समेत अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

### शहर के तालाबों की असुरक्षित पाल से गिर कर डूब गए लोग



### जान की कीमत नहीं, शिविर की तैयारियां ज्यादा जरूरी

यहां यह उल्लेखनीय है कि लाखेराव तालाब में लगातार मौत के बाद इस संवाददाता ने नगर परिषद अधिकारियों से जानकारी चाही, तब कन्नी काटते नजर आए। तालाब जीर्णोद्धार के लिए स्वीकृत राशि और सुरक्षा सम्बंधी व्यवस्थाओं की जानकारी के लिए सहायक अभियंता पंकज गुजर से बात करने का प्रयास किया तो लगातार कॉल करने के बावजूद फोन रिसीव नहीं किया। अधिशासी अभियंता विनय बोड़ा ने इस सम्बंध में आयुक्त से ही बात करने का हवाला दिया। संभवतया जिम्मेदार जनता की जान से ज्यादा शिविर की तैयारियां ज्यादा जरूरी समझ रहे हैं।

## हनुमान मंदिर में पानी-पर्यावरण पंचायत का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम ढाडा सुदरपुरा स्थित नाडा वाले हनुमान जी महाराज मंदिर में पर्यावरणविद् एवं नंगे पांव यात्री दीप सिंह शेखावत के नेतृत्व में पानी, पेड़, प्रकृति बचाओ नंगे पांव पदयात्रा पहुँची। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ के साथ पानी पर्यावरण पंचायत का आयोजन किया गया। यात्रा संयोजक दीप सिंह शेखावत ने उपस्थित जनसमूह को जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वर्षा जल संचयन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने लोगों से पानी और पेड़ संरक्षण की




शपथ दिलाई और 500 फलदार व छायादार पेड़ों का रोपण कर जलवायु परिवर्तन एवं ग्लोबल वार्मिंग कम करने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भामाशाह सीताराम सेठ एवं घनश्याम अग्रवाल ने कहा कि पानी-और पेड़ बचाने की यह पहल क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी। सभी उपस्थित जनों ने पंगत प्रसादी ग्रहण कर प्रकृति से खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर मंदिर महंत बिहारी दास महाराज, समाजसेवी बिहारी लाल मित्तल, युवा उद्यमी कृष्ण स्वामी, कैलाश मेड़ी, दिनेश मित्तल, महेश अग्रवाल, नरेश यादव, हरिप्रसाद अग्रवाल, रिंकू गोयल सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। पद यात्र का उद्देश्य जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना और लोगों को वर्षा जल संचयन के प्रति जागरूक करना है। इस पहल के माध्यम से समुदाय को पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## एकोराशि कृषि विज्ञान केंद्र पर इफको की ओर से किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** जिला करौली के एकोराशि कृषि विज्ञान केंद्र में इफको की ओर से एक दिवसीय कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इफको के राज्य विपणन प्रबंधक सुधीर मान रहे। इसके अलावा केवीके से वरिष्ठ वैज्ञानिक मुकेश नायक, एग्रीकल्चर विभाग से ्रहृ अमर सिंह मीना और इफको के उप क्षेत्र प्रबंधक मनोज मीना भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में किसानों को नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि बीजों को 5 मिली प्रति किलोग्राम की दर से नैनो डीएपी से उपचारित करना चाहिए और हक्क्य कंसोर्टिया को 10 मिली प्रति किलोग्राम बीज पर लगाना चाहिए। जब फसल 30 से 35 दिन की हो जाए, तब नैनो डीएपी 4 मिली प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिडक़ाव किया जा सकता है। इसी तरह नैनो यूरिया को 4 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर फसल पर छिडक़ाव करने की सलाह दी गई। इस विधि से दानेदार डीएपी की 50त्न तक बचत संभव है। किसानों को यह भी बताया गया कि नैनो उर्वरक 90-95त्न तक पौधों द्वारा उपयोग में आता है, जबकि पारंपरिक दानेदार उर्वरक का केवल 30-40त्न ही पौधों तक पहुंचता है और शेष मृदा, जल और वायु को प्रदूषित करता है। नैनो उर्वरकों के साथ खरपतवार नाशक और अन्य कीटनाशक दवाओं का छिडक़ाव भी आसानी से किया जा सकता है। कार्यक्रम में स्स्न्र संदीप कुमार भोजवाल ने नैनो कॉपर और नैनो जिंक के उपयोग के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा किसानों को संकट हरण बीमा और अन्य कृषि योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

## महाराजा अग्रसेन जयन्ती पर भव्य कार्यक्रम तय

**बढ़ता राजस्थान,पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** महाराजा अग्रसेन जयन्ती को लेकर अग्रवाल महासभा पावटा की बैठक गुरूवार रात्रि संरक्षक विरेंद्र बंसल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 22 सितंबर को महाराजा अग्रसेन जयन्ती बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौपी गई। इस अवसर पर महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बलदेव गोयल, उपाध्यक्ष पंकज जिन्दल, महामंत्री यतीश बंसल, कोषाध्यक्ष अमित पंसारी के साथ गोपाल मोटाका, राजेश मंगल, अनूप गर्ग और रजत बंसल सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## टूटी सडक़ों व स्कूलों की मरम्मत के लिए 923 लाख के प्रस्ताव



### बैठक में कुल 527 कार्यों के लिए रखे गए थे प्रस्ताव

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में शुक्रवार को 527 कार्यों के लिए 923 लाख रुपए के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। इसमें से अधिकतर कार्य समग्र शिक्षा विभाग के तहत विद्यालय भवन मरम्मत के कार्य है। वहीं, सार्वजनिक निर्माण विभाग के 244 कार्य हैं, जिसके तहत 389.15 किलोमीटर क्षतिग्रस्त सडक़ों की मरम्मत करवाई जाएगी। बैठक की अध्यक्षता राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने की। उन्होंने कार्यों की समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पीडब्ल्यूडी के एसडीआरएफ नोम्र्स के अनुसार मरम्मत के लिए 357.89 लाख रुपए, सिरोही के 270 क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों की मरम्मत के लिए 540 लाख रुपए व जल संसाधन खंड सिरोही के 13 कार्यों के लिए 26 लाख रुपए की राशि के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। जिला कलक्टर अल्पा चौधरी, एडीएम डॉ दिनेशराय सापेला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में तहसीलदारों के माध्यम से खराबे का सर्वे करवाने और किसानों को उचित मुआवजा दिलवाकर राहत प्रदान करने की बात कही। राज्यमंत्री ने ग्रामीण सेवा शिविर, शहर चलो अभियान तथा सहकार सदस्यता अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी इन शिविरों के माध्यम से राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र को लाभान्वित करें।

### गुणवत्ता विहीन कार्यों पर जिम्मेदारी तय करें

बैठक में सांसद लुम्बाराम चौधरी ने कहा कि सभी अधिकारी विभिन्न निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। गुणवत्ता विहीन कार्यों पर संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाएं। उन्होंने ग्रामीण सेवा शिविर, शहर चलो अभियान तथा सहकार सदस्यता अभियान में विभाग की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र तक पहुचाने और प्रचार-प्रसार कर लाभान्वित करने की बात कही।

### कार्यवाहक तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# एसडीएम कार्यालय के आसपास कॉलोनी में बंदरों के आतंक से महिलाएं परेशान

बढ़ता राजस्थान

**हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** शहर के मोहन नगर क्षेत्र और एसडीएम कार्यालय के आसपास कॉलोनी में बंदरों के आतंक से परेशान महिलाओं ने कार्यवाहक तहसीलदार रेनू चौधरी को ज्ञापन देकर प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन देने पहुंचीं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष ज्योति सहरिया ने बताया कि गलियों और घरों में आए दिन बंदर राहगीरों और निवासियों को परेशान कर रहे हैं। शहर के कई प्रमुख मंदिरों—टीकाकुंड हनुमान मंदिर, पाताली हनुमान मंदिर—में भी बंदरों का जमावड़ा रहता है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालु कई



बार इन बंदरों के शिकार हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि एसडीएम कार्यालय के पास कॉलोनी में एक बुजुर्ग महिला, बच्चे और एक अन्य व्यक्ति को बंदरों ने घेरकर काट लिया, जिनका उपचार कराया गया। महिलाओं ने ज्ञापन में यह भी अवगत कराया कि बंदरों के आतंक से बच्चे घरों के बाहर नहीं निकल रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बंदरों को पकडऩे और सुरक्षित स्थान पर छोडऩे के अभियान चलाने की मांग की। इस मौके पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष ज्योति सहरिया, माया देवी, माधुरी जिंदल, सोना देवी, पिंकी देवी, ज्योति गुप्ता, बुलबुल गोयल, इंदिरा, माधुरी लता अग्रवाल, मिथिलेश गोयल, ममता दुर्गेश, नेहा, रेणु गुप्ता, मोनिका, प्रीति, साबिता गुप्ता सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

## जहरखुरानीः पति-पत्नी को नशीली लस्सी पिलाकर बेहोश कर लूटे जेवरात

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर थाने इलाके में जहरखुरानी की वारदात कर दंपती को नशीली लस्सी पिलाकर बेहोश कर जेवरात लूटने का मामला सामने आया है। दंपती प्राइवेट बस से उत्तर प्रदेश जा रहा था। इस दौरान बस में ही बैठे दो लोगों ने बातों में उलझाकर वारदात को अंजाम दिया। दंपती स्लीपर बस में ही बेहोश मिलने पर उन्हे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। दोनों को चार दिन बाद होश आए और फिर जयपुर लौटने पर थाने में मामला दर्ज करवाया। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल मनीराम ने बताया कि जहरखुरानी की वारदात जयसिंहपुरा खोर के द्वारकापुरी निवासी किशन सिंह (36) और उसकी पत्नी प्रियंका देवी (33) के साथ हुई। जो दंपती रविवार रात ट्रांसपोर्ट नगर सर्किल से उत्तर प्रदेश जाने के लिए प्राइवेट बस में चढ़े थे। बस में जगह नहीं मिलने पर स्लीपर में बैठे 2 लोगों ने 400 रुपए किराया लेकर उन्हें बैठा दिया।

इसके बाद भाई साहब और बहनजी कहकर बातचीत करने लगे। रास्ते में मीठी-मीठी बात करने के दौरान दोनों ने लस्सी पीने को दी। लस्सी पीने के कुछ देर बाद ही बेहोशी आने लगी। स्लीपर से नीचे उतरने की कोशिश करने पर मुंह पर हाथ रखकर कुछ सुंघाया। इस दौरान उन्होंने जेब में रखे 1.50 लाख रुपए, पत्नी का सोने का मंगलसूत्र, कानों के झुमके और उनके दो मोबाइल लूट लिए। बेहोश होने पर स्लीपर के अंदर छोडक़र चले गए।

## डीजी बीएसएफ दलजीत सिंह चौधरी का महाजन फील्ड फायरिंग रेंज दौरा

# बीकानेर पहुंचने पर वरिष्ठ अधिकारियों ने की अगवानी

बढ़ता राजस्थान

**बीकानेर (दलीप नोखवाल)।** सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी आईपीएस बीकानेर पहुंचे। यहां उनकी अगवानी महानिरीक्षक एम.एल. गर्ग राजस्थान फ्रंटियर, बीकानेर रेंज पुलिस महानिरीक्षक हेमंत शर्मा, बीकानेर सेक्टर बीएसएफ उप महानिरीक्षक अजय लूथरा तथा पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर बीकानेर ने की। इस दौरान डीजी बीएसएफ ने बीकानेर जिले की अंतरराष्ट्रीय सीमा की वर्तमान परिस्थितियों पर विस्तृत चर्चा की।

### महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में लाइव फायरिंग देखी

इसके बाद डीजी बीएसएफ चौधरी 1044 आर्टिलरी रेजीमेंट के वार्षिक कोर्स शूटिंग एवं बीएसएफ आर्टिलरी गन की लाइव फायरिंग देखने के लिए महाजन फील्ड फायरिंग रेंज एमएफएफआर, बीकानेर पहुंचे। वहां पहुंचने पर उनका स्वागत डीआईजी/कमांडर आर्टिलरी ब्रिगेडियर गगनदीप सिंह चीमा सेवानिवृत्त ने किया। डीजी चौधरी ने गन पोजीशन पर मौजूद सैनिकों से मुलाकात कर उनके समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की।



इसके बाद उन्होंने ओपी प्वाइंट का दौरा किया, जहां उन्हें एमएफएफआर के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

### नई तकनीक और प्रोजेक्ट शक्ति का प्रदर्शन

लाइव फायरिंग के दौरान सामरिक स्थिति के अनुसार विभिन्न लक्ष्यों को बेअसर करने की क्षमता दिखाई गई। इसके पश्चात न्यू जेनरेशन इक्विपमेंट और प्रोजेक्ट शक्ति का प्रदर्शन एवं ब्रीफिंग भी दी गई। डीजी चौधरी ने कहा कि स्थापना के बाद से बीएसएफ आर्टिलरी अपने आदर्श वाक्य लक्ष्य, निश्चय, विजय पर खरी उतरी है। सेना के साथ उत्कृष्ट तालमेल और सहज एकीकरण प्रदर्शित करते हुए आर्टिलरी ने हमेशा अपनी योग्यता साबित की है।

### बीएसएफ आर्टिलरी को शुभकामनाएं दीं

डीजी चौधरी ने बीएसएफ आर्टिलरी के प्रयासों की सराहना की और सभी आर्टिलरी कर्मियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने फायर पावर प्रदर्शन के सफल आयोजन के लिए 1044 बीएसएफ आर्टिलरी रेजीमेंट की विशेष प्रशंसा की। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक अजय लूथरा बीकानेर एवं उप महानिरीक्षक वी.एम. सिंह प्रधान स्टाफ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**मेजर जनरल दीपक श्योराण से मुलाकात:** दौरे के उपरांत डीजी बीएसएफ बीकानेर लौटे और मेजर जनरल दीपक श्योराण जीओसी से मुलाकात की। इस दौरान सुरक्षा एवं सामरिक दृष्टिकोण पर विस्तृत चर्चा हुई। खासतौर पर बढ़ती ड्रोन गतिविधियों एवं उन्हें रोकने के उपायों पर गहन मंथन किया गया।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में 10वें आयुर्वेद दिवस पर दो दिवसीय व्यक्तित्व विकास कार्यशाला संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ,जयपुर के पंचकर्म विभाग द्वारा 10वें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय व्यक्तित्व विकास कार्यशालाका आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पीजी व पीएच.डी. शोधार्थियों में व्यावसायिक व व्यक्तिगत कौशल विकसित करना था। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने संचार कौशल, आत्म-जागरूकता, भावनात्मक बुद्धिमत्ताएवं तनाव प्रबंधनजैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र आयोजित किए। कार्यक्रम के अध्यक्ष राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने प्रतिभागियों को भावनात्मक बुद्धिमत्ता व नेतृत्व कौशल पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि भावनाएँ जब समझ कर और सही दिशा में उपयोग की जाएँ, तभी व्यक्ति अपने पेशेवर व व्यक्तिगत जीवन में उत्कृष्टता पा सकता है। समापन सत्र में विभागाध्यक्ष डॉ. गोपेश मंगल ने कहा कि इस कार्यशाला का मूल उद्देश्य प्रतिभागियों को व्यावहारिक दृष्टि से सशक्त बनाना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अपनी भावनाओं को समझना और उन्हें सकारात्मक दिशा में प्रयोग करना सीखना चाहिए, तभी हम बेहतर इंसान और पेशेवर बन पाएँगे। प्रोफेसर पुनीत शर्मा ने बताया कि व्यक्तित्व विकास महज बाहरी साज-सज्जा नहीं, बल्कि आंतरिक शक्तियों की पहचान व उन्हें निखारने की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा, प्रभावी संवाद और आत्मविश्वास सफलता की पहली सीढ़ी है। कार्यशाला में शोधार्थियों द्वारा सक्रिय भागीदारी और उत्साह देखा गया जिसमें नेतृत्व कौशल, टीम वर्क एवं आत्मप्रस्तुति जैसे विषय शामिल किए गए।

## सोडाला से श्याम नगर सब्जी मण्डी से निर्माण नगर तक रोड़ सीमा को कराया अतिक्रमण मुक्त



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-5 में यातायात पुलिस, नगर निगम के साथ सामूहिक अभियान के तहत सोडाला से श्याम नगर सब्जी मण्डी से निर्माण नगर तक रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस, राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-05 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित सोडाला से श्याम नगर सब्जी मण्डी से निर्माण नगर तक रोड़ सीमा पर अस्थाई अतिक्रमण कर लगाये गये थडियां, ठेलें, बांस-तम्बू, तिरपाल, टेबल, कुर्सियां, होर्डिंग, साईन बोर्ड इत्यादि लगाकर किये गये अतिक्रमणों को यातायात पुलिस व नगर निगम ग्रेटर के साथ सामूहिक अभियान के तहत आज जोन-05 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। नगर निगम जाप्तें के द्वारा सामान जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन-05, यातायात पुलिस एवं नगर निगम का जाप्ता तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## पिता के दोस्त ने की नाबालिग लडकी से ज्यादती

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** कानोता थाना इलाके में नाबालिग लडक़ी से ज्यादती करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि उसके पिता का ही दोस्त है। पिछले 10 साल तक ब्लैकमेल कर देहशोषण करता रहा। विरोध करने पर गाली-गलौच कर धमकाता था। कानोता थाने में पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि दौसा की रहने वाली लडक़ी ने मामला दर्ज करवाया है कि उसके पिता का दोस्त होने के कारण वह आरोपित को जानती है। पिता से दोस्ती का फायदा उठाकर उसका मिलना-जुलना होने के साथ एक-दूसरे के घर आना-जाना था। आरोप है कि सितम्बर 2015 में आरोपित ने उसे अकेला पाकर गलत काम किया। इसके बाद ब्लैकमेल कर लगातार देह शोषण करता रहा। पिछले करीब 10 सालों से आरोपी उसके साथ यौन शोषण करता रहा। विरोध करने पर गाली-गलौज कर धमकी देने लगा। पुलिस ने पोक्सो व एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# मौसमी बीमारियों के प्रति बरतें सतर्कता : बीसीएमओ डॉ. गुर्जर

### बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर ने स्वास्थ्य केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर ने खण्ड कोटपूतली के उप स्वास्थ्य केन्द्र खड़ब, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सरूण्ड समेत विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बीसीएमओ ने उपस्थिति रजिस्टर, स्वास्थ्य केन्द्र की साफ-सफाई, दवा वितरण, आरसीएच रजिस्टर, परिवार कल्याण सेवायें आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कई स्वास्थ्य केन्द्रों पर कर्मचारी अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाये गये। समय पर स्वास्थ्य केन्द्रों पर नहीं पहुँचने एवं अनुपस्थित रहने पर बीसीएमओ डॉ. गुर्जर ने नाराजगी जाहिर करते हुये कहा कि अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के प्रति विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। जिसके लिये सम्बंधित कार्मिक स्वयं जिम्मेदार होगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई कर्मचारी बार-बार निर्देशों के बावजूद भी लापरवाही बरतता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल



में लाई जावेगी। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग सख्त है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि इस दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बीसीएमओ डॉ. गुर्जर ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों से पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ काम करने का आह्वान किया है ताकि क्षेत्र के लोगों को मौसमी बीमारियों के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके। बीसीएमओ ने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर कर्मचारी गणवेश मय आईडी कार्ड के समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें। साथ ही मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करें, मरीजों को कोई भी परेषानी ना हो एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीकाकरण कार्य बेहद जिम्मेदारी के साथ सम्पादित किया जायें। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्र की साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, रिकॉर्ड संधारण, रिपोर्टिंग कार्य एवं मरीजों के बैठने, बिजली-पानी समेत अन्य सभी व्यवस्थायें सुव्यवस्थित रखने के निर्देष दिये।

## विहिप की धर्म परिवर्तन अधिनियम कानून बनाने की मांग पूरी होने पर जताया मुख्यमंत्री का आभार



### मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर को सौंपा धन्यवाद पत्र

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। धर्म, संस्कृति व देश की रक्षा के लिये सदेव तैयार रहने वाले संगठन विष्व हिन्दू परिषद की लंबे समय से धर्म परिवर्तन अधिनियम कानून बनाने की मांग पर राज्य सरकार ने कानून बनाया। इस पर विहिप ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। वहीं इस उपलक्ष्य में शुक्रवार को संतों के सानिध्य में विष्व हिन्दू परिषद सहित 08 हिन्दू संगठनों ने राज्य सरकार द्वारा बनाये गये सशक्त विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2025 के लिये जिला कलक्टर को मुख्यमंत्री के नाम धन्यवाद पत्र प्रेषित किया। विहिप जिलाध्यक्ष डॉ. अष्विनी गोयल ने धर्मान्तरण के कानून विषय पर संपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने देश में सबसे कठोर कानून बनाया हैं। संतों ने बताया कि जिले में कहीं पर भी धर्मान्तरण हो रहा हो तो इसकी जानकारी विष्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं को देवे। जिससे धर्मान्तरण करने वालों पर प्रशासन की मदद से कार्यवाही की जा सके। इस दौरान संत मंगलदास, बालेष्वर दास, सीताराम महाराज, संत राजेष्वर, विहिप जिला मंत्री महावीर सिंह, सहमंत्री एड. शिव कुमार गुप्ता, मंत्री प्रहलाद सैनी, प्रखंड अध्यक्ष रामनारायण विजय, सहमंत्री अशोक सैनी, विहिप नगर मंत्री तूफ़ान सोनी, बजरंग दल के रिंकू लखेरा, भारत विकास परिषद के बजरंग शर्मा, अरविंद शरण, सेवा भारती के छाजूराम सैनी, सत्यनारायण व प्रवीण भूषण, विद्या भारती के जितेन्द्र चौधरी, हिंदू जागरण मंच के प्रदीप अग्रवाल, जितेंद्र जोशी, भाजपा नेता नेता अरुण सैनी, रघुवीर गोयल, सुगन भाई, वीरेन्द्र सैनी, मोहित सैनी, राहुल पटेल, मदनलाल सैनी, आरएसएस के महेंद्र टिलावत, लक्ष्मण मीणा, राजेश मोरीजावाला, जीतेन्द्र जोशी, सुमित यादव, राहुल पटेल समेत अन्य मौजूद रहें।

## राजकीय महाविद्यालय खाजूवाला में 'नई किरण नशा मुक्ति विषय' पर व्याख्यान माला का आयोजन

### *युवा शक्ति ही राष्ट्र का भविष्य - प्राचार्य फतेहचंद चौहान*

बढ़ता राजस्थान

**खाजूवाला (दलीप नोखवाल)।** राजकीय महाविद्यालय खाजूवाला में 'नई किरण नशा मुक्ति विषय' पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य फतेहचंद चौहान ने की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उज्ज्वल एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी एवं राजस्थान कंप्यूटर सेंटर के निदेशक सुनील माहर और अनिल कुमार उपस्थित रहे।



व्याख्यान माला में वक्ताओं ने समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की और विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। नशा मुक्त जीवन ही सफल एवं सार्थक जीवन की कुंजी है। विशेष अतिथि सुनील माहर ने खाजूवाला के सीमावर्ती गांवों में नशे के बढ़ते चलन पर चिंता जताई और युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और जागरूकता ही नशे से मुक्ति का सबसे बड़ा हथियार है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य फतेहचंद चौहान ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र का भविष्य है। यदि युवा वर्ग नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा सही दिशा में लगाए तो समाज और देश दोनों सशक्त बन सकते हैं। कार्यक्रम प्रभारी प्रोफेसर अम्बिका ने कहा कि शिक्षा और जागरूकता से ही हम इस बुराई को समाप्त कर सकते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर सुनीता कुमारी ने किया। अंत में महाविद्यालय की ओर से अतिथियों को सम्मान प्रतीक भेंट कर आभार व्यक्त किया गया।

## निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरने से एक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** रामनगरिया थाना इलाके में निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि 7वीं मंजिल पर बिल्लियां बांधते समय पैर फिसलने से नीचे गिरा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। मृतक के जीजा की शिकायत पर लापरवाही के चलते मौत का मामला दर्ज किया गया है। जांच अधिकारी एएसआई छुट्टन लाल ने बताया कि हादसे में पश्चिम बंगाल के कोच निवासी तपस राय (37) की मौत हो गई। वह बजाज नगर के बरकत नगर में किराए से रहता था। पिछले कुछ दिनों से वह अक्षय पात्र मंदिर के पास निर्माणाधीन बिल्डिंग में बल्लियां बांधने का काम कर रहा था और गुरुवार की दोपहर को निर्माणाधीन बिल्डिंग की 7वीं मंजिल पर बिल्लियां बांध रहा था।

**OFFICE MUNICIPAL COUNCIL CHOMU (JAIPUR)**
Tel-01423-220036 e-mail:chomu.jaipur@yahoo.com
Sr. No. : NPC/2025/1784 Date : 11.09.2025
**Notice Inviting Bid**
Bids for "Collecting solid waste generated in the Municipal Council area Chomu from various places and dumping it at the garbage collection site located at Lalkui, Ward No. 44 and for other transportation works, 10 hydraulic tractor-trolleys with driver, diesel-oil, repair and 03 workers per tractor-trolley are supplied." are invited interested bidders upto 06.00 PM on 11.09.2025 Dated. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state. The Bid Value are 93.60 Lacs.
NIB CODE : DLB2526A5737
UBN NO. : DLB2526SLOB17555
Raj.Samwad/C/25/9972 COMMISSIONER

**कार्यालय नगर परिषद टोंक**
क्रमांक :–न.प.टोंक/निर्माण/2025–26/7754 दिनांक :– 11.09.2025
**NOTICE INVITING TENDERS THROUGH**
**NIT No. 40/2025-26**
Bids are invited from interested bidders from 12.09.2025 (10.00AM) to 23.09.2025 (6.00PM) as per following details. Other particulars of he bid may be visited on procurement portal (www.Sppp.Rajasthan.gov.in) of the state
NIB No. NIB No. DLB2526A5717

| NIT No. | Name of work | UBN No. |
|---|---|---|
| 40/2025-26 | राउमावि मोलाईपुरा, टोंक मे प्रार्थना स्थल पर टिन शेड निर्माण कार्य हेतु (विधायक फण्ड) (अनुमानित राशि 4.00लाख) | DLB2526WSOB17490 |

Date & time of opening of tender 24.09.25 at 3.00PM
आयुक्त
नगर परिषद, टोंक
राज.संवाद/सी/25/9984

शिविरों के आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन

# कोटपूतली में ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन 17 सितम्बर से

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** आगामी 17 सितम्बर से कोटपूतली में आयोजित किये जाने वाले ग्रामीण सेवा शिविरों के आयोजन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को यहां के राजकीय सरदार जनाना अस्पताल परिसर स्थित खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में खण्ड के अधीन समस्त सीएचसी, पीएचसी व शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के चिकित्सा अधिकारियों की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में षिविरों के सफल आयोजन हेतु कार्य योजना बनाई गई। बैठक में डिप्टी सीएमएचओ (प0क0) डॉ. जयभगवान यादव ने षिविरों में परिवार कल्याण गतिविधियों का कैनोपी लगाकर प्रचार-प्रसार करने के निर्देष दिये। साथ ही टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग एवं जांच हेतु सैम्पल लेने एवं उपचार तथा आमजन की भागीदारी के साथ निक्ष्चय मित्र बनाने, पोषण किट का वितरण व निष्चय पोषण योजना के तहत सहायता राषि भी हस्तानान्तरित करने के बारे में बताया। डीएनओ रविकांत जांगिड़ ने षिविरों में



आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने बताया कि ग्रामीण सेवा षिविर प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित किये जावेगें। आगामी 17 सितम्बर को ग्राम पंचायत देवता एवं बनार में षिविर आयोजित होगा। जिसमें राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं एवं जागरूकता गतिविधियों को आमजन तक पहुचाने तथा उन्हें एक ही स्थान पर समस्त प्रकार की सुविधायें उपलब्ध कराई जावेगी। षिविर में ओपीडी सेवायें, मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु डोर टू डोर सर्वे कर एन्टीलार्वा गतिविधि, 30 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों की एनसीडी स्क्रीनिंग बीपी, शुगर, कॉमन कैंसर की जांच एवं स्क्रीनिंग की जावेगी। पॉजिटीव पाये जाने पर उनका उपचार किया जावेगा एवं समय-समय पर फॉलोअप भी किया जावेगा। महिलाओं की स्वास्थ्य जांच जैसे एनीमिया, बीपी, शुगर, हिमोग्लोबिन, बीएमआई के साथ ओरल, ब्रेस्ट, सर्वाइकल कैंसर, एवं टीबी स्क्रीनिंग की जावेगी। बीपीओ विजय तिवाड़ी ने बताया कि एएनसी पंजिकरण एवं जांच, ड्यूलिस्ट तैयार कर षिषु टीकाकरण, लेफ्ट आउट एवं ड्रोपआउट का टीकाकरण किया जावेगा। ईकेवाईसी, पीएमजेवाई कार्ड का वितरण, यूडीआईडी कार्ड जारी करना आदि गतिविधियां सम्पादित की जावेगी। साथ ही ब्लॉक स्तर पर रक्तदान षिविर का आयोजन किया जावेगा। उन्होंने षिविरों में राष्ट्रीय योजनाओं एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित फ्लैगषीप योजनाओं की जानकारी देते हुये दी जाने वाली सेवाओं को निर्धारित प्रपत्र में रिपोर्ट करने हेतु आवष्यक निर्देष प्रदान किये, ताकि पोर्टल पर प्रगति रिपोर्ट अपडेट की जा सकें।

**OFFICE OF THE ADDITIONAL CHIEF ENGINEER**
**WATER RESOURCES ZONE, JAIPUR**
Sinchai Bhavan, J.L.N. Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : acejpr.wr@gmail.com
No. F(407) / ACE / JPR / Acctts / 2025-26 / 2923 Date : 30.08.2025
**e-NIB No. - 25 / 2025-26**
On behalf of the Governor of Rajasthan, bids are invited from eligible bidders for the work of "Rehabilitation of Galwa Irrigation Sub Project, District Tonk."
(Estimated value of work is Rs. 1969.35 Lac)
Last Date of submission of Bid is 25/09/2025. Detailed Bid & Bid document can be seen on & downloaded from official website (http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.raj.nic.in)
NIB Code No. : WRD2526A0387
UBN No. : WRD2526WLOB00932
DIPR/C/13040/2025
Additional Chief Engineer
WRD, Zone Jaipur

## सम्पादकीय

# उपराष्ट्रपति चुनाव का परिणाम, विपक्षी एकता के लिए बड़ा झटका

चंद्रपुरम पोनुस्वामी राधाकृष्णन देश के नए उपराष्ट्रपति बन गए हैं। राजनीतिक गलियारों में सीपीआर के नाम से ख्यात राधाकृष्णन को सत्तारूढ़ राजग ने जब प्रत्याशी बनाया, तभी से उनकी जीत तय मानी जा रही थी, लेकिन विपक्षी खेमे ने बी. सुदर्शन रेड्डी को चुनाव में उतार कर इस मुकाबले को रोमांचक बनाने का प्रयास किया। विपक्षी मोर्चे ने तमिल बनान तेलुगु अस्मिता का मुद्दा उछालकर राजग की प्रमुख सहयोगी तेलुगु देसम पार्टी के सामने धर्मसंकट खड़ा करने के साथ ही अक्सर विधायी मामलों पर सरकार का समर्थन करने वाली वाइएसआर कांग्रेस और एक अन्य दल बीआरएस के समक्ष राजनीतिक दुविधा बढ़ाने का दांव चल था। हालांकि नतीजे यह बताते हैं कि विपक्ष की यह आकांक्षा पूरी नहीं हो पाई। राजग के आधार में सेंध लगाने की जुगत भिड़ा रहा विपक्ष अपना कुनबा ही नहीं संभाल पाया। अंकगणित के अनुसार रेड्डी को कम से कम 325 मत मिलने चाहिए थे, लेकिन यह आंकड़ा 300 पर जाकर सिमट गया। कुछ मत अमान्य भी पाए गए।

उपराष्ट्रपति चुनाव परिणाम का एक संदेश यह भी है कि विपक्षी एकता की बातें तो खूब की जाती हैं, लेकिन वास्तविकता के धरातल पर एकजुटता नहीं दिखती। उपराष्ट्रपति चुनाव में क्रास वोटिंग से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। कई विधेयकों के मामले में भी विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं दिखती। कुछ सरकार को प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन भी देते रहे हैं।

यहां तक कि सरकार को घेरने के मामले में भी विपक्षी दल एकमत नहीं दिखते। फिर चाहे कांग्रेस द्वारा वोट चोरी का जोर-शोर से उठाया जा रहा मुद्दा हो या बिहार में मतदाता पुनरीक्षण से जुड़ी प्रक्रिया। लोकसभा चुनाव के दौरान या उसके बाद जो एक सहमति बनती दिख रही थी, वह अब तार-तार हो रही है। आम आदमी पार्टी जैसे दल आइएनडीआइए से औपचारिक किनारा तक कर चुके हैं और पंजाब से लेकर गुजरात तक आरपार की लड़ाई लड़ रहे हैं। जहां विपक्षी एकता में विभाजन की स्थिति दिख रही है, वहीं लोकसभा चुनाव में उजागर हुई कमजोरियों से सीख लेते हुए राजग उन्हें दुरुस्त करने में जुटा है। अब यह स्पष्ट दिख रहा है कि उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ की विदाई कम से कम स्वास्थ्य कारणों के चलते तो नहीं हुई थी।चर्चा है कि सरकार के साथ कुछ मुद्दों पर उनकी तकरार से बात ऐसी बिगड़ी, जो फिर कभी बन नहीं पाई। उसकी परिणति उनके अप्रत्याशित इस्तीफे के रूप में हुई।

चूंकि धनखड़ न तो मूल रूप से भाजपा में थे और न ही भाजपा के वैचारिक स्रोत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ उनका कोई जुड़ाव रहा, इसलिए पार्टी ने उनके इस्तीफे से रिक्त हुए पद के लिए खांटी कार्यकर्ता सीपी राधाकृष्णन पर भरोसा जताया। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी के लिए उसकी मूल विचारधारा और उसके प्रति समर्पित कार्यकर्ता ही सबसे अधिक महत्व रखते हैं। इससे उन अटकलों पर भी विराम लगना चाहिए कि प्रधानमंत्री और संघ के बीच सब कुछ सहज नहीं, क्योंकि एक तबके ने पिछले लोकसभा चुनाव के बाद से यही नैरेटिव स्थापित करने का प्रयास किया। नए उपराष्ट्रपति के रूप में राधाकृष्णन के समक्ष चुनौतियां भी कम नहीं होंगी। राज्यसभा के सभापति के रूप में उन्हें संतुलन साधने का प्रयास करना होगा। उनके पूर्ववर्ती धनखड़ आरंभिक स्तर पर उच्च सदन में विपक्ष को बहुत स्पेस नहीं देते थे, पर विपक्ष के आक्रामक तेवरों के बाद उन्हें रवैया कुछ बदलना पड़ा।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

- 13 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ
- 1791 - फ्रांस के राजा लुई14वें ने नया संविधान अंगीकार किया।
- 1882 - एंग्लो-मिस्र युद्ध: तेल अल केबिर की लड़ाई लड़ी गई।
- 1914 - प्रथम विश्व युद्ध: जर्मनी और फ्रांस के बीच एस्ने की लड़ाई शुरू हुई।
- 1922 - पोलैंड की संसद ने जिडायनिया बंदरगाह निर्माण अधिनियम पारित कर दिया गया।
- 1923 - स्पेन में सैन्य तख्ता पलट। मिगेल डे प्रिमो रिवेरा ने सत्ता संभाली और तानाशाह सरकार की स्थापना की। ट्रेड यूनियनों को 10 साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया।
- 1947 - प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने 40 लाख हिंदुओं और मुसलमानों के पारस्परिक स्थानांतरण का सुझाव दिया।
- 1948- उप प्रधानमंत्री वल्लभ भाई पटेल ने सेना को हैदराबाद में घुस कर कार्रवाई करने और उसे भारतीय संघ के साथ एकीकृत करने का आदेश दिया।
- 1968 – अल्बानिया वारसॉ संधि से अलग हुआ।
- 2000 - भारत के विश्वनाथन आनन्द ने शेनयांन में पहला फ़िडे शतरंज विश्व कप जीता।
- 2001 - ओसामा बिन लादेन को पकड़ने हेतु अमेरिका द्वारा पाकिस्तान पर दबाव डाला गया।
- 2002 - इस्रायल ने फ़िलिस्तीन अधिकृत गाजा पट्टी पर हमला किया।
- 2005 - सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता हेतु समर्थन देने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका ने मानकों की घोषणा की।
- 2006 - इब्सा (भारत-ब्राजील-साउथ अफ़्रीका त्रिगुटीय संगठन) का पहला शिखर सम्मेलन ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में शुरू।
- 2007 - नेशनल एरोनॉटिक्स स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के वैज्ञानिकों ने बृहस्पति से तीन गुना बड़े गृह का पता लगाया। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन ने प्रधानमंत्री मिखाइल फ़ेदकोव के आग्रह को स्वीकार करते हुए केन्द्रीय कैबिनेट को भंग किया।
- 2008 - दिल्ली में तीन स्थानों पर 30 मिनट के अंतराल पर एक के बाद एक चार बम विस्फोट हुए। इनमें 19 लोगों के मृत्यु और 90 से अधिक घायल।
- 2009 - लोक सभा में एंग्लो इंडियन समुदाय के प्रतिनिधि के रूप में कोच्चि के चार्ल्स डायस को मनोनीत किया गया। चन्द्रमा पर बर्फ़ खोजने का इसरो-नासा का अभियान असफल हुआ।
- 2013 – तालिबान आतंकवादियों ने अफ़ग़ानिस्तान के हेरात शहर में संयुक्त राज्य अमेरिका के वाणिज्य दूतावास पर हमला किया जिसमें अफ़ग़ान नेशनल पुलिस के दो जवानों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए।

## विशेष आलेख

# राजस्थान मंडपम, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की विकास और विरासत को जोड़ने का ऐतिहासिक प्रयास



डॉ नयन प्रकाश गांधी



19 8 2 जस्थान मंडपम परियोजना राज्य के विकास में एक नए युग की शुरुआत करेगी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी ,डॉ एन .पी .गांधी के अनुसार राज्य को ग्लोबल माइस डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करेगी, जिससे पर्यटन उद्योग में भारी बढ़त मिलेगी एवं भारत मंडपम की तर्ज पर इस विजनरी इंटीग्रेटेडस्मार्ट मॉडल से सरकारी संसाधनों का अधिकतम संवर्धन होगा और स्थानीय शिल्प व कलाओं को बढ़ावा मिलेगा

राजस्थान सरकार द्वारा रीको और एनबीसीसी के बीच हाल ही में हुए समझौता ने राज्य के विकास में एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। 'भारत मंडपम' की शानदार परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, अब जयपुर के जयसिंहपुरा खोर में 'राजस्थान मंडपम' का निर्माण किया जाएगा, जो राज्य की आर्थिक, सांस्कृतिक व औद्योगिक शक्ति को नई दिशा देगा।राजस्थान मंडपम, दिल्ली के भारत मंडपम की तर्ज पर करीब 3700 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित किया जा रहा है। कुल 95 एकड़ भूमि पर फैली इस परियोजना में 25 एकड़ में राज्य का सबसे आधुनिक कन्वेंशन सेंटर बनेगा, जिसकी क्षमता 7,000-7,500 लोगों के बैठने की होगी। यह न केवल राष्ट्रीय बल्कि वैश्विक आयोजनों,व्यापारिक सम्मेलनों, प्रदर्शनियों और सांस्कृतिक आयोजनों का पसंदीदा केंद्र बनेगा।

**मुख्य आकर्षण एवं विशेषताएं**

- विश्वस्तरीय सम्मेलन, व्यापारिक प्रदर्शनियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विवाह और अन्य आयोजनों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं।
- आई टी टावर, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, लग्जरी होटल व रेजिडेंशियल परिसर और विकसित व्यावसायिक इंफ्रास्ट्रक्चर।
- जयपुर के बी-2 बाईपास क्षेत्र में केंद्रित यह परियोजना, पर्यटन हब और सेवाक्षेत्र को गति देगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था, हस्तशिल्प, खानपान व संस्कृति को वैश्विक पटल पर पहचान दिलाएगी।
- परियोजना में यूनिटी मॉल, आवासीय ब्लॉक, पांच सितारा होटल, कमर्शियल टावर शामिल होंगे।
- परियोजना की अनुमानित लागत 3700 करोड़ रूपए है और इसे औद्योगिक विकास एजेंसी रीको तथा एनबीसीसी के संयुक्त सहयोग में क्रियान्वित किया जा रहा है। परियोजना तीस माह में पूरी होने का लक्ष्य है।

जैसा कि विदित है भारत मंडपम देश को ग्लोबल इवेंट सेंटर की नई पहचान दिला चुका है। उसी संभावना को अब राजस्थान राज्य अपने सांस्कृतिक और ट्रेड हब के रूप में आगे बढ़ा रहा है। देश के जाने माने पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट एलुमनाई आईआईपीएस मुंबई डॉ नयन प्रकाश गांधी का मानना है कि विकसित भारत-विकसित राजस्थान की थीम के साथ यह केंद्र व्यापार, संस्कृति, नवाचार व पर्यावरण के क्षेत्र में मिसाल बनेगा। यह न केवल राजस्थान बल्कि पूरे भारत के लिए गौरव का विषय है।जैसा कि गौरतलब है हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में राजस्थान मंडपम को राज्य के विकास और पहचान का मेरुदंड बताया है। उनके अनुसार राजस्थान मंडपम के निर्माण से अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहचान मिलेगी और राज्य की सांस्कृतिक, व्यावसायिक और पर्यटन क्षमता को नई ऊर्जा मिलेगी। यह राज्य की अर्थव्यवस्था, पर्यटन व रोजगार के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक महत्व

- यह परियोजना राज्य की जीडीपी को सशक्त करेगी, निवेश आकर्षित करेगी और हज़ारों रोजगार अवसर सृजित करेगी।
- स्थानीय शिल्प व कलाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच मिलेगा और पर्यटन उद्योग को भारी बढ़त मिलेगी।
- इंटीग्रेटेड स्मार्ट मॉडल से सरकारी संसाधनों का अधिकतम संवर्धन होगा।

सम्मेलन पर्यटन और नई संभावनाएं

राजस्थान मंडपम, राज्य को देश के ग्लोबल माइस डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करेगा। इससे पर्यटन, इवेंट मैनेजमेंट, होटल, वेन्यू सेवाएं, और विपणन जैसे अनेक नए व्यवसाय क्षेत्र विकसित होंगे। जयपुर सहित पूरे राज्य में फेस्टिवल व सांस्कृतिक पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा।परियोजना विकसित भारत 2047 विजन का अहम अंग है। यह सांस्कृतिक अस्मिता, ऐतिहासिक धरोहर, आर्थिक समृद्धि और नागरिक सुविधाओं का अद्भुत संगम है।आधुनिकता के साथ परंपरा की रक्षा करते हुए आगे बढने की राह खोलता है। राजस्थान मंडपम, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में, विकास और विरासत को जोडने का ऐतिहासिक प्रयास है। यह परियोजना राजस्थान की अर्थव्यवस्था, पर्यटन, सामाजिक मूल्यों और युवा शक्ति के लिए क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगी और राज्य को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाएगी।

# क्या होगी नेपाल की नयी दिशा और दशा



डॉ. गिरिजा किशोर पाठक

*राजनीतिक अस्थिरता और बेमेल गठबंधन की सरकारें नेपाल की 3 करोड़ जनता की अपेक्षा और आकांक्षाओं की पूर्ति नहीं कर पायी। भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और बढ़ती असमानता के कारण भीतर ही भीतर जन आक्रोश बढ़ता गया।*

1982 में मुझे बीएचयू से एक शोध के सिलसिले में 4-5 महिने त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू में रहने का मौका मिला था। तब वहां राजशाही थी,राजा वीरेन्द्र थे। लोग उन्हें श्री महाराजाधिराज बोलते थे। इस दौर में मैंने विदेश नीति पर राजा वीरेन्द्र का एक साक्षात्कार भी लिया था। वे विनम्र, उदार एवं सनातन में ठोस आस्था रखते थे। उस दौर में नेपाल का भारत के साथ ही चीन के प्रति झुकाव बढ़ रहा था। 1982-83 के उस दौर में उत्तर भारत में ढेर सारे नेपाली लोग काम काज की तलाश में आते थे । उनको लोग डोट्याव कहते थे क्योंकि वे डोटी प्रांत के रहवासी थे । नेपाल में मेरी मुलाकात कम्युनिस्ट पार्टी की प्रमुख साहना प्रधान , प्रो. लोकराज बराल के अतिरिक्त अनेक आन्दोलनकारी नेताओं से हुई थी। पश्चिम बंगाल की तर्ज पर सभी कम्युनिस्ट नेता चीन से सपोर्ट प्राप्त करते थे। नेपाली कांग्रेस का झुकाव भारत की ओर था। समय बदलता गया। नये नये आंदोलन खड़े हुए। 1990 में जनआन्दोलन के बाद बहुदलीय लोकतंत्र की स्थापना हुई। राजा की सत्तावादी भूमिका खत्म हुई, और संविधान ने संसदीय प्रणाली को अपनाया। 2006 में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी) के साथ मिलकर व्यापक जन आंदोलन हुआ। इसके परिणामस्वरूप राजा का निरंकुश शासन समाप्त हुआ। नेपाल एक संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य बना। 2015 में नेपाल ने नया संविधान अपनाया, जो संघीय गणराज्य के रूप में देश को पुनः परिभाषित करता है। इसमें सामाजिक न्याय, समानता, और मानवाधिकार को प्रमुखता दी गई। संविधान के अपनाने के बाद मधेशी समुदाय (सीमा क्षेत्र के लोग) ने यह आरोप लगाया कि संविधान उनके हक़ और प्रतिनिधित्व को पर्याप्त रूप से मान्यता नहीं देता। असंतोष जारी रहा। मार्च 2025 में राजशाही के पक्ष में आंदोलन हुए लेकिन ओली और बेमेल गठबंधन सरकार कुछ समझ नहीं पायी। ओली भारत विरोध से ही राष्ट्रीयता की अलख जगाने में मशगूल रहे। बेमेल गठबंधनों की तथाकथित लोकतंत्रिक सरकार युवाओं की आकांक्षा पूरी करने में विफल रही।ओली कम्युनिस्ट के चोले के भीतर घोर पूंजीवादी और भ्रष्ट सरकार चला रहे थे।

राजनीतिक अस्थिरता और बेमेल गठबंधन की सरकारें नेपाल की 3 करोड़ जनता की अपेक्षा और आकांक्षाओं की पूर्ति नहीं कर पायी। भ्रष्टाचार , बेरोजगारी और बढ़ती असमानता के कारण भीतर ही भीतर जन आक्रोश बढ़ता गया। जहां जीडीपी का 37प्रतिशत बाहर नौकरी करने वाले लोगों की पेंशन और वेतन से मिल रहा था वहीं 35 सालों से राज कर रहे नेताओं की संपत्ति में अकूत वृद्धि होती गयी और संसाधनों पर उनके ही बच्चों की बढ़ती हिस्सेदारी ने नैपो किड्स/नैपो बेबीस जैसे भाव अंकुरित किये। इन परिस्थितियों में लगातार सरकारें गिरती रहीं, गठबंधन टूटते रहे। राजनीतिक नेतृत्व पर भरोसा कमजोर हुआ। इस सबके बीच 26 सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ओली सरकार के बैन ने आग में घी का काम किया।

## शख्सियत — बढ़ता राजस्थान



पंकज कुमार सिंह, आईपीएस रि0 डीजी बीएसएफ

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं। वरिष्ठ श्रेणी और बड़े अहम पद से सेवानिवृत होने वाले शानदार आईपीएस अधिकारी श्री पंकज कुमार सिंह जी। 19 दिसम्बर सन 1962 को उत्तर प्रदेश के लखनऊ में पैदा हुए और बीएससी. एलएलबी, एमबीए के बाद भारतीय पुलिस सेवा में आए राजस्थान के विभिन्न जिलों में शानदार एसपीशिप कर लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास व अपराधियों में भय कायम किया है। महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल जैसे बड़े पद से सेवानिवृत हुए है। विशेष महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ भारत सरकार, नई दिल्ली। अतिरिक्त महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, भारत सरकार। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, यातायात राजस्थान जयपुर। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, अपराध शाखा राजस्थान, जयपुर। पुलिस महानिरीक्षक, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ भारत सरकार, नई दिल्ली। पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था एवं प्रशासन राजस्थान, जयपुर। पुलिस महानिरीक्षक, कार्मिक मुख्यालय राजस्थान, जयपुर। पुलिस महानिरीक्षक, जयपुर रेंज जयपुर। पुलिस उप.महानिरीक्षक, सीबीआई विशेष पुलिस प्रतिष्ठान, नई दिल्ली। पुलिस अधीक्षक, सीबीआई नई दिल्ली। पुलिस अधीक्षक, कोटा शहर। पुलिस अधीक्षक, अलवर। पुलिस महानिरीक्षक, जयपुर रेंज जयपुर। पुलिस उप.महानिरीक्षक, सीबीआई विशेष पुलिस प्रतिष्ठान, नई दिल्ली। पुलिस अधीक्षक, सीबीआई नई दिल्ली। बहुत शानदार पुलिस अधिकारी के रूप में श्री पीके सिंह सर को जाना जाता रहा है। पुलिस वेलफेयर के कार्यों में आगे रहे। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# इन योगासन से मिर्गी के दौरों पर पाएं काबू आयुष मंत्रालय ने बताए फायदे



मिर्गी एक ऐसी न्यूरोलॉजिकल बीमारी है, जिसमें मस्तिष्क की विद्युत गतिविधियों में असामान्यता आ जाती है। इसका परिणाम होता है बार-बार दौरे पडना, शरीर में झटके लगना, अचानक बेहोश हो जाना या होश में रहते हुए भी असामान्य हरकतें करना। यह बीमारी किसी भी उम्र में हो सकती है और अचानक किसी भी समय व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है।

आमतौर पर मिर्गी का इलाज दवाओं से किया जाता है। सही समय पर ली जाने वाली दवाएं मरीज को काफी हद तक आराम देती हैं, लेकिन कई बार लंबे समय तक दवाएं लेने के बावजूद मरीज को दौरे पड़ते रहते हैं।

**1. अनुलोम-विलोम :** प्राणायाम अनुलोम-विलोम सबसे सरल और प्रभावी प्राणायामों में से एक है। यह मस्तिष्क की नसों को संतुलित करता है और तंत्रिका तंत्र पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। मिर्गी के मरीजों के लिए यह विशेष रूप से उपयोगी है, क्योंकि मानसिक तनाव मिर्गी का एक बड़ा ट्रिगर होता है। - इसे नियमित 10-15 मिनट करने से मानसिक स्थिरता आती है।

**2. कपालभाति प्राणायाम :** कपालभाति को मस्तिष्क को चमकाने वाला प्राणायाम भी कहा जाता है। इसमें तेज़ी से सांस बाहर छोड़ते हुए पेट को अंदर खींचा जाता है। यह अभ्यास मस्तिष्क की कोशिकाओं को सक्रिय करता है और उन्हें पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाता है।

**3. ताड़ासन :** ताड़ासन को माउंटेन पोज़ भी कहा जाता है। इसमें शरीर को सीधा करके हाथों को ऊपर उठाया जाता है और रीढ़ की हड्डी को खींचा जाता है। - यह आसन शरीर के संतुलन और एकाग्रता को बढ़ाता है। - सांस लेने और छोडने की प्रक्रिया से मानसिक शांति मिलती है। - मिर्गी के रोगियों में ताड़ासन करने से तनाव घटता है और मस्तिष्क स्थिर होता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। जीवनसाथी का आपको पूरा सहयोग मिलेगा और आप उनकी खूब केयर करेंगे। आप अपनी आय बढ़ाने के सोर्सो का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे, लेकिन निवेश आपको थोड़ा समझदारी से करना होगा। प्रॉपर्टी को लेकर कोई वाद विवाद चल रहा था, तो वह भी दूर होगा और फैसला आपके पक्ष में आ सकता है।

### वृष
आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों से जुडक़र नाम कमाने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में यदि कोई वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न होगी, तो आप उसे अपने विचारों से सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे। आपके साथी से रिश्ते भी बेहतर रहेंगे। आप शौक मौज की चीजों पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे। आपको इधर-उधर की बातों में पडने से बचना होगा।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। संतान को पढ़ाई-लिखाई के लिए आप कहीं बाहर भेज सकते हैं। विदेशों से व्यापार कर रहे लोगों की कोई बड़ी डील मिल सकती है, जिससे उन्हें अपने व्यापार में कुछ नए लोगों को शामिल भी करना पड़ सकता है। आपके काम की गति तेज रहेगी, लेकिन आलस्य के कारण आप कुछ कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढने के लिए रहेगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। परिवार में छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। आपको जीवनसाथी की सेहत को लेकर थोड़ा सा सतर्क रहना होगा। आपका कोई विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। पैतृक संपत्ति को लेकर कोई विवाद खड़ा हो सकता है।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए नुकसानदायक रहने वाला है। आपको कोई काम बहुत ही संभालकर करना होगा। दूसरों के मामले में बोलने से आपको कोई टेंशन मिल सकती है। आप मित्रों के साथ किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल मुलाकात करने आ सकता है। आपको किसी से किए हुए बातें को पूरा करना होगा और आप अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए बेफिजूल के खर्चों पर रोक लगाने के लिए रहेगा। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे किसी अच्छे अवसर को पाकर काफी खुश होंगे। परिवार में किसी नये मेहमान का आगमन हो सकता है, जो लोग किसी को पसंद करते हैं, वह उनसे अपने प्रेम का इजहार कर सकते हैं। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी, लेकिन आपको किसी से मांगकर वाहन चलाने से बचना होगा।

### तुला
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपके सहयोगी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकते हैं। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोग किसी परीक्षा को देने जाएंगे। आपकी व्यवसाय में मन मुताबिक लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा, लेकिन आप अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपकी पद और प्रतिष्ठा बढने से खुशी होगी। वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें।

### वृश्चिक
आज का दिन व्यापार में वृद्धि लेकर आने वाला है। कारोबार में आपको पार्टनरशिप में कोई काम करने से बचना होगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है, जिसके बाद आप अपने घर किसी तरह का पूजा पाठ का आयोजन कर सकते हैं। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। आपकी सोच समझ से काम पूरे होंगे। आपको अपनी कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा।

### धनु
आज का दिन आपके लिए खर्चो से भरा रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में आप बढ़ चढक़र हिस्सा लेंगे। आपको किसी काम की वजह से अचानक अपने कामों में बदलाव करना पड़ सकता है। जिससे आपका डेली रूटीन बिगड़ेगा। आपको यदि कोई दिल से संबंधित समस्या हो, तो उसको लेकर आप किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें। माता-पिता के आशीर्वाद से आपकी कोई प्रॉपर्टी को लेकर डील अटकी हुई थी।

### मकर
आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला रहेगा। पारिवारिक जीवन में आपसी प्रेम और सहयोग आप पर बना रहेगा। भाई- बहनों से आपकी खूब पटेगी। जीवनसाथी के लिए आप कोई उपहार लेकर जा सकते हैं। आपके बिजनेस में धन को लेकर कोई काम रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपको किसी की बातों पर भरोसा करने से बचना होगा और आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपके रहन-सहन के स्तर में भी सुधार आएगा। आप वैवाहिक जीवन में आप तालमेल बनाकर चलेंगे, जिससे आपकी साथी के साथ बॉन्डिंग अच्छी रहेगी। आपको यदि संतान के करियर को लेकर कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होते दिख रही है। आपको अपनी माताजी से कोई भी बात गुप्त नहीं रखनी है।

### मीन
आज का दिन आपके लिए कुछ नई चुनौतियां लेकर आएगा, लेकिन आपको उनसे घबराने की आवश्यकता नहीं है। आप अपने बिजनेस में किसी के साथ पार्टनरशिप ना करें और अपनी आंख और कान खुले रखकर कामों को करें। जीवनसाथी को नौकरी में यदि समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप अपने पुराने कार्यों को भी उतारने की पूरी कोशिश करेंगे और सेहत में उतार-चढ़ाव लगा रहेगा, जिसमें आपको लापरवाही नहीं करनी है।

# सेवा पखवाड़ा औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के उत्थान का माध्यम : परनामी

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा, नेस्ट जेनरेशन,आत्मनिर्भर भारत की कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यशाला में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी ने कहा कि 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े के तहत जिलेभर में सेवा,संगठन एवं समाजहित से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सेवा पखवाड़े के तहत रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, नमो मैराथन सहित अन्य कार्यक्रम होंगे।

कार्यशाला में पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी ने कहा कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएंगे।सेवा पखवाड़ा के जरिये हमें समाज के बीच जाकर अधिक से अधिक अपने सेवा कार्यों का विस्तार करना हैं। इस पखवाड़े में हमें तय कार्यक्रमों के माध्यम से जन आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए और अधिक प्रयास करने का अभियान चलाना होगा।उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेवा पखवाड़ा अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोडऩा होगा। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बने, यही हमारी सामूहिक संकल्पना है।उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के उत्थान का माध्यम है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता जब सेवा भाव से कार्य करेगा तो उसका सीधा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि आज भारत यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ रहा है। आज भारत को अमेरिका भी टेरिफ की धमकी से डरा नहीं पा रहा है।जिलाध्यक्ष चौहान ने कहा कि 17 सितम्बर को जिले में और 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी के सभी मंडलों में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। 17 सितम्बर और 2 अक्टूबर को विशेष रूप से कुछ सार्वजनिक स्थानों को चिन्हित करके स्वच्छता अभियान चलाएंगे।उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से 24 सितंबर तक सामुदायिक केंद्रों पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर होंगे। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े के निमित इसके अलावा भी अनेक कार्यक्रम होंगे।कार्यशाला में देवली उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अपना एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम हैं इस कार्यक्रम में हमें अपनी सहभागिता अधिक से अधिक सुनिश्चित करवानी होगी। इस समय हम एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहे है जब भारत विश्व गुरू बनने के रास्ते पर है। ऐसे पखवाड़े हमारे लिए एक संकल्प का अवसर हो सकता है। उन्होंने कहा कि सभी को पूरे पखवाड़े में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होना है। निवाई विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत सभी भाजपा कार्यकर्ताओ को सेवा कार्य करना है।उन्होंने कहा कि सेवा ही संगठन की भाव को हमें अपने जीवन में उतारना है। कार्यशाला में जिला प्रमुख सरोज बंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा,सतीश चंदेल, गणेश माहुर,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामनिवास गुर्जर, जिला महामंत्री संतकुमार जैन, प्रभु बाडोलिया,विष्णु शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, प्रधान बनवारी जाट,रामचन्द्र गुर्जर, सत्यनारायण चंदेल,नरेश बंसल,जिला उपाध्यक्ष बबलू टैंकर, ममता जाट,राजेश शर्मा,प्रधान काबरा,राजेन्द्र राणावत, जिला मंत्री हरिराम यादव,शकुंतला वर्मा,नीलिमा आमेरा, बीना छामुनिया,तरुण टिक्किवाल, राधेश्याम चांवला,जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र सिरोठा,मोनिका जैन, कार्यालय मंत्री ओमप्रकाश पांडे,सह मंत्री शम्भू शर्मा,सीमा गौत्तम सहित अन्य मौजूद थे।

## मां भद्रकाली मंदिर पर बिना सूचना के कार्रवाई करने के लिए पहुंचे वन विभाग के कर्मचारी



**बढ़ता राजस्थान, निवाई (का.स.)।** गांव कांटोली में स्थित मां भद्रकाली मंदिर पर बिना सूचना के कार्रवाई करने के लिए वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। जिससे संत समाज, विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों व श्रद्धालुओं में आक्रोश व्याप्त हो गया। मंदिर के पीठाधीश्वर संत श्रीराम महाराज अघोरी व ग्रामीणों ने बताया कि रेंजर धारीलाल व वन विभाग के कर्मचारी मां भद्रकाली मंदिर पर बिना जानकारी के कार्रवाई करने पहुंच गए। उन्होंने बताया कि सैकड़ों वर्ष पुराने मां भद्रकाली मंदिर को तोडऩे की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष एडवोकेट सीताराम शर्मा डांगरथल सहित भजन सम्राट संत प्रकाशदास महाराज, मनीषदास महाराज, भाजपा नेता रामअवतार मीणा, मुकेश गुर्जर, दशरथसिंह नोहटा, सुरज्ञान जाट, रमाकांत शर्मा, अक्षय शर्मा, रवि मीणा व रामसहाय किवाडा सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर विरोध किया। विरोध होने पर रेंजर सहित वन विभाग के कर्मचारी बिना कार्रवाई करे ही वापस लौट गए। श्रीराम महाराज अघोरी ने आरोप लगाते हुए बताया कि वन विभाग के भ्रष्ट कर्मकारी अवैध खनन पर कार्रवाई नहीं करके सैकड़ों वर्षो पुराने मंदिर को तोडऩे की योजना बना रहे है।

## हरे पेड़ की लकड़ी से भरी हुई पिकअप एवं चैजा पत्थर से भरा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**बढ़ता राजस्थान, निवाई (का.स.)।** वन विभाग के गश्ती दल ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर हरे पेड़ की लकडी से भरी हुई पिकअप एवं चैजा पत्थर से भरे हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। वनपाल रचना खंगार ने बताया कि रैंजर धारीलाल बैरवा के नेतृत्व में अवैध परिवहन पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान हरे पेड़ की लकडी से भरी हुई पिकअप एवं चैजा पत्थर से भरे हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर संजय वन में खडा करवा दिया है। इस दौरान सहायक वनपाल मोहनलाल मीणा, वन रक्षक विनोद गुर्जर व संदीप मोर्य, वन मित्र नरेश सैनी व वाहन चालक राजेश नायक सहित कई वनकर्मी मौजूद थे।

## ढाणी जुगलपुरा में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान की द्वितीय चरण की कार्यशाला संपन्न



**बढ़ता राजस्थान, निवाई (का.स.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाणी जुगलपुरा में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान की द्वितीय चरण की कार्यशाला प्रधानाचार्या अनीता जैन के सानिध्य में आयोजित हुई। प्रधानाचार्या अनीता जैन ने बताया कि कार्यशाला में निवाई शहर, चैनपुरा, रजवास व ढाणी जुगलपुरा विद्यालयों के 40 संभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला में बस्सी प्रधानाचार्या डॉ. कुसुम कौशिक व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से अनुपमा शर्मा ने हिन्दी की कार्यशाला में गीत विधा पर आधारित पाठ प्रदर्शन किया और बालकों को रोचक रूप से शिक्षण सहायक सामग्री का प्रयोग करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में गतिविधि पर आधारित शिक्षण, खेल खेल में सीखना, विभिन्न चार्टो का प्रयोग, प्रखर राजस्थान व निपुण मेला के आयोजन सहित कई महत्वपूर्ण गतिविधियों की जानकारी दी गई।

## राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस जी.आर. मूलचन्दानी एक दिवसीय टोंक दौरे पर रहे



**बढ़ता राजस्थान, टोंक(का.स.)।** राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस जी.आर. मूलचन्दानी शुक्रवार को एक दिवसीय टोंक दौरे पर रहें। इस दौरान उन्होंने जिला कारागृह का निरीक्षण किया तथा जेल अधीक्षक जयसिंह से बंदियों की संख्या, परिजनों से मुलाकात करने का दिन व समय, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति एवं संधारित रिकार्ड के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जस्टिस मूलचन्दानी ने ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक जसवंत चौधरी को कारागृह में प्रतिदिन की ओपीडी, दवाईयों एवं आवश्यक मेडिकल संसाधनों की उपलब्धता समेत बंदियों के स्वास्थ्य को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के समय उन्होंने एक-एक बंदी से बात कर उनकी समस्याओं के बारे में पूछा और जेल अधीक्षक को समाधान के निर्देश दिए। जस्टिस श्री मूलचन्दानी ने बंदियों को उनकी आगामी पेशी की जानकारी देने, विधिक सहायता उपलब्ध कराने, परिजनों से मिलवाने एवं दूरभाष पर बात कराने के उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की मानवीय दृष्टीकोण रखते हुए बंदियों से मिलने के लिए आने वाले परिजनों को लम्बा इंतजार नही कराएं। उन्होंने बंदियों को दिये जाने वाले नाश्ते व भोजन की गुणवत्ता पर जोर दिया।

**सबसे बड़ी भर्ती परीक्षा : 25 लाख अभ्यर्थी होंगे शामिल**

# 3200 बसों के बेड़े पर है लाखों बेरोजगारों को ढोने का भार

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती परीक्षा का आयोजन 19 सितंबर से किया जाएगा। तीन दिन चलने वाली यह परीक्षा इस वर्ष की सबसे बड़ी परीक्षा होगी। परीक्षा में 24.75 लाख अभ्यर्थी बैठेंगे। परीक्षा छह पालियों में होगी। परीक्षा के दौरान रोडवेज बसों में बेरोजगारों का भार बढ़ेगा। कारण परीक्षा के दौरान बेरोजगारों को रोडवेज बसों में निःशुल्क सफर कराया जाएगा ! इस बीच रोडवेज की सीमित बसों में रोज आठ लाख बेरोजगार सफर करेंगे। ऐसे में भर्ती परीक्षा के दौरान बेरोजगारों को सुरक्षित सफर कराना रोडवेज के लिए चुनौती से कम नहीं होगा। रोडवेज के पास महज 3200 बसें संचालित हैं। इनमें 800 बसें कबाड़ हैं। ऐसे में रोज करीब 100 बसों का मेंटेनेंस के कारण संचालन नहीं हो पाता। अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने के कारण सभी बसों का संचालन किया जाएगा।

### ड्यूटी ऑफ के बाद भी होगा बसों का संचालन

रोडवेज बस चालकों को 8 घंटे ड्यूटी का नियम है। ऐसे में एक बस से न्यूनतम 200 किलोमीटर रूट पर दो फेरे लगाए जाते हैं। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती परीक्षा के दौरान बसों की किल्लत के कारण एक बस के दो से अधिक फेरे लगाए जाएंगे। वहीं, नाइट ड्यूटी ऑफ के बाद भी बसों का संचालन किया जाएगा।

### लोक-परिवहन को भी किया गया था मुफ्त

गत कांग्रेस सरकार ने बेरोजगारों को भर्ती परीक्षा के दौरान नि:शुल्क सफर कराने के लिए रोडवेज के साथ लोक परिवहन बसों को भी शामिल किया था। सरकार ने लोक परिवहन सेवा की निजी बसों को भुगतान भी किया। लेकिन वर्तमान सरकार की ओर से सिर्फ रोडवेज की सीमित बसों में ही बेरोजगारों को यात्रा कराई जा रही है।

### किस जिले में कितने अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

- जयपुर - 4,50,000
- जोधपुर - 1,74,000
- अजमेर - 1,08,000
- कोटा - 1,08,000
- अलवर - 1,26,000
- बीकानेर - 1,08,000
- उदयपुर - 2,10,000

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

**बढ़ता राजस्थान, सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिले में 13 सितम्बर को वर्ष की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

आमजन से अपील की जाती है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने लंबित व प्री-लिटिगेशन स्तर के राजीनामा योग्य मामलों का आपसी समझाइश के आधार पर निस्तारण कराएं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जिले में कुल 10 बैंचों का गठन किया गया है। इनमें जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर पर चार बैंच, गंगापुर सिटी में दो बैंच, तथा बौंली, खण्डार, बामनवास और चौथ का बरवाड़ा में एक-एक बैंच के माध्यम से प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। इनमें न्यायालयों में लंबित तथा प्री-लिटिगेशन स्तर पर प्राप्त राजीनामा योग्य प्रकरणों को आपसी सहमति से हल करने का अवसर मिलेगा। सभी पक्षकारों से विशेष अपील की जाती है कि जिनके प्रकरण मध्यस्थता हेतु संबंधित केंद्र भेजे गए हैं।

## विप्र फाउंडेशन का राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह कल

**वन एवं पर्यावरण मंत्री होंगे समारोह के मुख्य अतिथि**

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/गंगापुर सिटी (राकेश शर्मा)।** विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन-1डी के तत्वावधान में कल रविवार, 14 सितंबर को विजय पैलेस, ओसवाल चुंगी नाका, गंगापुर सिटी में राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह भव्य रूप से आयोजित होगा। समारोह दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा होंगे, जबकि कोटा विधायक संदीप शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. हेमंत शर्मा ने बताया कि गंगापुर सिटी सहित करौली, भरतपुर, सवाईमाधोपुर, धौलपुर, दौसा और डीग जिलों से आने वाली विशिष्ट प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा।

जिला अध्यक्ष दिलीप तिवाड़ी एवं युवा जिलाध्यक्ष धनेश शर्मा ने कहा कि यह प्रतिभा सम्मान समारोह पिछले 17 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा है, जिसका उद्देश्य समाज की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित कर प्रोत्साहित करना है। अतिथियों का शहर में प्रवेश पर भव्य स्वागत द्वारों एवं पुष्पवर्षा के माध्यम से अभिनंदन किया जाएगा।

समारोह में प्रमुख रूप से सुशील ओझा संस्थापक संयोजक विप्र फाउंडेशन, भुवनेश्वर शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रभारी, परमेश्वर शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राजेश कर्नल प्रदेश अध्यक्ष जोन-1, कृष्ण मुरारी चतुर्वेदी प्रदेश अध्यक्ष जोन-1ई, सतीश शर्मा संगठन महामंत्री जोन-1, कैलाश तिवाड़ी प्रदेश संगठन महामंत्री, सियाराम शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय ई-लाइब्रेरी प्रकल्प प्रभारी, गंगाराम पाराशर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दया चंद पचौरी प्रदेश महामंत्री, इंदु शेखर शर्मा प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, योगेश वशिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, सुरेश शर्मा प्रदेश कोषाध्यक्ष, गजानंद शर्मा प्रदेश सचिव, बृज भूषण पाराशर प्रदेश सचिव, विष्णु गुरुजी प्रदेश सचिव, देवेन्द्र पाठक प्रदेश उपाध्यक्ष, गोविंद पाराशर प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, गोपाल शर्मा पार्थ एजेंसी प्रदेश उपाध्यक्ष सर्व ब्राह्मण महासभा, बालकृष्ण शर्मा जिला अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण महासभा, राजेन्द्र सहारिया जिला महामंत्री, मदन मोहन शर्मा जिला मंत्री, राधा दीक्षित जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, राकेश जेमिनी चैप्टर अध्यक्ष गंगापुर, शिवचरण शर्मा चैप्टर अध्यक्ष तलावड़ा और कीर्ति कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या

# 'ईश्वरीय प्राप्तियो के लिए गृह त्याग से अधिक मनोविकारों का त्याग आवश्यक है'

बढ़ता राजस्थान




**टोंक (का.स.)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजयोग भवन में अलौकिक जन्मोत्सव अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, यह आयोजन बीके मदन एवं बीके कस्तूरी माताजी के अलौकिक जन्म दिवस के अवसर पर किया गया था। गौरतलब है कि बीके मदन एवं बीके कस्तूरी माताजी पिछले 20 वर्षों से संस्थान से जुडक़र घर गृहस्थ को संभालते हुए अपने जीवन को पवित्रता के पथ पर अग्रसर है।

सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा ने जन्मोत्सव की बधाईयां देते हुए कहा कि ईश्वरीय ज्ञान की धारणा के लिए गृह त्याग की अपेक्षा मनोविकारों का त्याग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय जब परिवार और संबंधों में विकृतियां उत्पन्न हो रही हैं ऐसे में ईश्वरीय ज्ञान की धारणा कर निस्वार्थ भाव और व्यवहार में समरसता से परिवार और समाज को एकजुट किया जा सकता है। आज देश विदेश में लाखों लोग ऐसे हैं जो घर गृहस्थ में रहते हुए ईश्वरीय ज्ञान व सहज राजयोग से स्वयं सशक्त बनाकर घर परिवार एवं समाज सहित मानव कल्याण की सेवा में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वरीय ज्ञान से न सिर्फ स्वयं के व्यवहार सकारात्मक परिवर्तन होता है बल्कि परिवार में संबंधों में मधुरता आने से घर परिवार का माहौल मंदिर जैसा बन जाता है।

पुरानी टोंक सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ऋतु ने कहा कि ईश्वरीय ज्ञान एवं सहज राजयोग को जीवन में अपनाने से हमारी आध्यात्मिक उन्नति तो होती है साथ ही हमारा जीवन मानसिक तनाव से मुक्त जीवन शैली प्रदान करता है। घर गृहस्थ में रहते हुए जब हम नियमित रूप से राजयोग ध्यान और ईश्वरीय ज्ञान का अध्ययन करते है तो जीवन की हर परिस्थिति में स्वयं को संतुलित करने की शक्ति मिलती हैं। उन्होंने कहा इस ज्ञान से अपने विचारों,भावनाओं और कर्मों के मूल्यांकन कर उसे सकारात्मक दिशा की ओर मोड़ा जा सकता है।

बीके मदन ने देवली सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी निर्मल , निवाई सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी रेखा , बनेठा सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अनीता , रानोली सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी शोभा , राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी सुनीता ब्रह्माकुमारी गुंजन , बीके पांचू सहित सभी ब्रह्माकुमारी का पुष्पमाला व शॉल देकर स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संस्थान से जुड़े सदस्य मौजूद थे।

## शहर चलो अभियानः शिविर के माध्यम से आमजन को मिलेगी राहत



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** शुक्रवार को अम्बेडकर भवन एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेलवे कालोनी कुतुलपुरा जाटान में प्री-कैंप आयोजित किए गए। नगर परिषद आयुक्त डॉ बनवारी लाल मीना ने बताया कि इस प्री-कैंप में आमजन बड़ी संख्या में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और विभिन्न प्रकार के आवेदन जमा करवाए।

प्री-कैंप में कुल 5 आवेदन जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से, 2 आवेदन सफाई शाखा के, 12 आवेदन निर्माण शाखा के, 4 आवेदन स्ट्रीट लाइट के, 11 आवेदन मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के, 1 आवेदन खाद्य सुरक्षा का, 7 आवेदन जन आधार के तथा 2 आवेदन पेंशन के प्राप्त हुए।

आयुक्त ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहर चलो अभियान में साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत व नई लाइट लगवाना, अवैध अतिक्रमण हटवाना, शौचालय की सफाई एवं रिपेयरिंग, विभिन्न प्रकार के पट्टे, भू-उपयोग परिवर्तन, नाम हस्तांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, एनओसी, स्ट्रीट वेंडर लाइसेंस, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना इत्यादि के आवेदन स्वीकार कर समाधान किया जाएगा।

इस अभियान की तैयारी और लोगों की समस्याओं को चिन्हित कर उनके आवेदन प्राप्त करने हेतु नगर परिषद सवाई माधोपुर में 4 से 12 सितंबर तक अलग-अलग स्थानों पर प्री-कैंप आयोजित किए जा चुके हैं। आयुक्त ने बताया कि प्री-कैंप में प्राप्त सभी आवेदन संबंधित विभागों को भेजकर जल्द ही उनका समाधान सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि आमजन को सुविधा मिल सके और शहर की व्यवस्था बेहतर हो।

## छवि सैनी का राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में चयन



बढ़ता राजस्थान

राजगढ़ (अलवर)। राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय न. 2, राजगढ़ की छात्रा छवि सैनी ने 69वीं जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में 62 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हासिल किया।

इसी प्रतियोगिता में विद्यालय की अन्य छात्राएँ नंदनी सैनी (36 किलोग्राम) और लवीन सैनी (33 किलोग्राम) ने क्रमशः तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रधानाध्यापक नरेश चन्द सैनी ने छात्राओं को बधाई दी और उनकी मेहनत की सराहना की।

छात्रा की सफलता का श्रेय पीटीआई ज्योति देवन्दा के मार्गदर्शन और छात्राओं की मेहनत व लगन को दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ अशोक शर्मा, रेनूका तिवारी, हुकुम सिंह, सुमन चाहर ने छात्रा के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

## 12 फुट लंबे अजगर का सफल रेस्क्यू



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)**। पंचायत समिति क्षेत्र के नीमला गांव के रतनपुरा में एक 12 फुट लंबे अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में आजाद कर दिया गया। यह साहसिक कार्य राजगढ़ निवासी सोनू कोली और सतीश ने किया। जानकारी के अनुसार, रतनपुरा गांव के खेत के पास विशाल अजगर दिखाई दिया, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर वन्यजीव प्रेमी सोनू कोली अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अजगर को सुरक्षित पकडऩे में सफलता हासिल की। रेस्क्यू के बाद अजगर को क्षेत्रीय वन अधिकारी राहुल फौजदार के कार्यालय लाया गया, जहां उसकी स्वास्थ्य जांच की गई और पूरी तरह स्वस्थ पाया गया। इसके बाद अजगर को उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ दिया गया। वन अधिकारी राहुल फौजदार ने सोनू के इस प्रयास की सराहना की और ग्रामीणों से अपील की कि वन्यजीव संकट में तुरंत वन विभाग को सूचित करें। इस दौरान मुकेश बबेली, हुड़ूडा भक्त का बास सहित अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## राहुल आर्य को शहर अध्यक्ष बनाकर कांग्रेस को मिलेगी नई ताकत



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)**। नगर पालिका क्षेत्र स्थित कांग्रेस शहर कार्यालय पर युवा कांग्रेस नेता राकेश दायमा के नेतृत्व में नवनियुक्त शहर अध्यक्ष राहुल आर्य का सम्मान किया गया। इस अवसर पर राहुल आर्य को माला और साफा पहनाकर भव्य सम्मान दिया गया। भाषण देते हुए राकेश दायमा ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने राहुल आर्य को शहर अध्यक्ष बनाकर सही निर्णय लिया है। उनके अध्यक्ष बनने से युवाओं में नई जागृति आएगी और वे आमजन की आवाज उठाने में सक्षम होंगे। दायमा ने कहा कि सभी युवा साथी राहुल आर्य के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जनता के लिए संघर्ष करेंगे। इस मौके पर युवा नेता राकेश दायमा, मुकेश सैनी, नेताजी, रवी मीणा, रविन्द्र मीणा, सुबेसिंह यादव, लोकेश वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## बीती रात भैंस चोरी, पुलिस प्रशासन से मांगी मदद

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)**। हरसौरा थाना क्षेत्र के बाबरिया गांव में बीती रात एक किसान की भैंस चोरी हो गई। पीड़ित किसान रोहिताश योगी ने बताया कि रात लगभग 2 बजे जब वह टॉयलेट के लिए उठा तो भैंस अपने स्थान पर थी, लेकिन सुबह 5 बजे उठने पर भैंस अपने खूंटे पर नहीं मिली। किसान के अनुसार, चोरों ने भैंस को बड़ी चालाकी से मकान के पीछे से खेतों के रास्ते ले जाकर चोरी की। रोहिताश ने बताया कि वह भैंस को 1 लाख 60 हजार रुपये में खरीदा था और एक महीने बाद वह ब्याने वाली थी। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द भैंस का पता लगाकर उन्हें सौंपा जाए। हरसौरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद हैडकांस्टेबल गिर्राज कुमार ने बताया कि अब तक उनके पास भैंस चोरी की कोई आधिकारिक रिपोर्ट नहीं आई है।

## कन्या कौशल शिविर एवं सद् साहित्य के पुस्तक मेले 13 से

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्ग निर्देशन में गायत्री परिवार अलवर द्वारा विद्यालयों में कन्या कौशल शिविर एवं सद् साहित्य के पुस्तक मेले लगाए जा रहे हैं। वरिष्ठ गायत्री परिजन चरण सिंह चौधरी ने बताया कि अलवर शहर के पूर्वी क्षेत्र के विद्यालयों में निम्न कार्यक्रमानुसार शिविर और मेले आयोजित किए जाने हैं । दिनांक13 सितंबर, शनिवार समय प्रातः 7.15 बजे। श्री हरदेवदास आदर्श उच्च मा 0वि 0 नेहरू नगर अलवर। दिनांक 15 सितंबर,सोमवार समय . प्रातः 7.15 बजे प्रशांत माध्यमिक विद्यालय गोविंदनगर, दिल्ली रोड अलवर। दिनांक 16 सितंबर,मंगलवार समय . प्रातः7.15 बजे श्री गुरुजी माध्यमिक विद्यालय, दिवाकरी अलवर। दिनांक 17 सितंबर, बुधवार समय . प्रातः 8.40 बजे। चिलड्रन एकेडमी, दिल्ली रोड, अलवर। दिनांक 20 सितंबर,शनिवार। समय . 7.15 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दिवाकरी, अलवर में आयोजित किए जाऐंगे।

### केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कम्पनी बाग का भ्रमण कर शहरवासियों से किया संवाद

# जिले के पर्यटन एवं चहुंमुखी विकास को गति देने के किए जा रहे है सार्थक प्रयासः केंद्रीय मंत्री यादव

### अलवर शहर को स्वच्छ व हरा बनाने में सहयोग करने का किया आह्वान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)**। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने शुक्रवार को कम्पनी बाग का अलसुबह भ्रमण कर शहरवासियों से संवाद किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने शहरवासियों से अलवर शहर को स्वच्छ व हरा-भरा बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया। इस दौरान उनके साथ कम्पनी बाग विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष सौरभ शर्मा भी मौजूद रहे। इस दौरार शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री को कम्पनी बाग की खुबियों के बारें में अवगत कराते हुए कहा कि ये पूरे राजस्थान का शहर में सबसे बड़ा पार्क है। इधर केंद्रीय वन मंत्राी यादव ने आमजन से संवाद करते हुए कहा कि अरावली की सुरम्य पहाडियों के नजदीक बसा अलवर शहर बाबा भर्तृहरि की तपोस्थली है। इसको साफ-सुथरा व हरा-भरा शहर बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि सांसद होने के नाते अलवर को स्वच्छ शहर बनाने, यहां के ट्र्यूरिज्म को बढाने व जिले का सम्पूर्ण विकास करने की दिशा में पूर्ण मनोयोग से निरन्तर काम किया जा रहा है। उन्होंने अलवर की स्वच्छता रैंकिंग 366वें स्थान से 54वें स्थान पर आने एवं स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में देश में तीसरी रैंकिंग प्राप्त करने पर अलवरवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इसे और बेहतर बनाने की दिशा में सामूहिक जनसहभागिता के साथ निरन्तर सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 17 सितम्बर से महात्मा गांधी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर तक पूरे देश में स्वच्छता पखवाडा आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए स्वच्छता संबंधी गतिविधियां आयोजित कराई जाएंगी। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि अलवर शहर को स्वच्छ शहर बनाने में प्रशासन का सहयोग करें, अपने घरों के बाहर कचरा पात्रा अवश्य रखे तथा कचरे का घर से ही सेरीग्रेशन कर ऑटो टिपर में डाले।

उन्होंने कहा कि सरिस्का अभयारण्य में टाइगरों की संख्या 48 हो गई



जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। अलवर के चहुंमुखी विकास एवं पर्यटन को गति देने हेतु बाबा भर्तृहरि धाम को विकसित करने, सेन्चुरी बनाने, नए डेयरी प्लांट को शुरू करने आदि कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 8 फरवरी को अलवर में अंतरराष्ट्रीय स्तर की टाइगर मैराथन होगी, इस दौरान देश-विदेश से लोग यहां आएंगे, जिससे अलवर के पर्यटन को बढावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में रेल मंत्राी श्री अश्वनी वैष्णव ने अलवर में फाटक की अनुमति देने के साथ 120 करोड लागत से नए रेलवे स्टेशन बनाने की सौगात दी है, जिसका भूमि पूजन नवम्बर माह तक कराने का पूरा प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि कम्पनी बाग समिति के समन्वय से यहां की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, संजय नरूका, इन्द्र यादव, जितेन्द्र शर्मा, ऋषिराज शर्मा, दौलतराम जाटव, सुरेश मेहता, देशराज खरेरा, शीला जांगिड, आनन्द बेनीवाल, मीना सैनी, हरमिन्दर सिंह, राकेश शर्मा, रामपाल सैनी सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## समाज को सुधारने की दशा में एक अनौखी पहल विद्यालयों में नैतिकता का पाठ पढ़ाते गायत्री परिवार के सदस्य



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (रूपक शर्मा )**। इन दिनों गायत्री परिवार द्वारा समाज को सुधारने की दिशा में बेहतरीन व अनौखे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसका प्रभाव आने वाली पीढ़ी में देखने को मिलेगा। अखिल विश्व गायत्री परिवार की शाखा गायत्री शक्तिपीठ के द्वारा डॉक्टर सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में विद्यालयों में भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति को पोषित करने के लिए स्कूली विद्यार्थियों में श्रेष्ठ संस्कारों का बीजारोपण किया जा रहा है। ईस कार्य में गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन तथा दिव्य भारत युवा संघ के सदस्य भी सहयोग कर रहे हैं । इसी क्रम में जगदीश प्रसाद गुप्ता ,राधा रमन विजय के साथ डॉक्टर वैशाली गुप्ता एवं प्रगति पाराशर काफी सहयोग कर रहे हैं । डॉक्टर सरोज गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों को नशे से मुक्त होकर समाज के नव निर्माण में सहयोग करने के लिए प्रतिज्ञा दिलवाई जा रही है। वे नशा मुक्त भारत बनाने के लिए युवाओं को प्रेरित कर समाज को नई दिशाए दिखाने का काम कर रही हैं। मन नशे से हटाओ तथा सृजन में लगाओ का नारा दे रहीं हैं। उन्होंने अपने जन्मदिन पर एक पेड़ लगाकर पृथ्वी माता को हरि चूनर पहनाने का आह्वान किया। प्रगति पाराशर ने मोबाइल से होने वाले नुकसानों का तथा फैशन परस्ती से दूर रहकर एक सभ्य और शालीन नागरिक बनने के लिए प्रोस्ताहन दिया। डॉक्टर वैशाली ने विद्यार्थियों के अच्छे स्वास्थ्य में शुद्ध सात्विक भोजन की उपयोगिता बताइए ।उन्होंने बताया कि बाजारू चाट . पकौड़ी,डिब्बा बंद खाद्य पदार्थ, कोल्ड ड्रिंक इत्यादि हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदायक है जिससे यकृत, आमाशय,आंतों के तथा हड्डियों के रोग हो जाते हैं उन्होंने बताया कि घर पर बने हुए भोजन को महत्व देना चाहिए। राधा रमन विजय जी ने बालकों को भारतीय संस्कृति को अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की विस्तार से जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को 50 गायत्री मंत्र लेखन की पुस्तक लेखन हेतु निशुल्क वितरित की और प्रतिदिन गायत्री मंत्र उच्चारण करने के लाभों से अवगत कराया। कार्यशाला के अंत में वरिष्ठ सदस्य जगदीश प्रसाद गुप्ता जी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया और अपने विद्यालय में पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी का साहित्य स्थापित करने का आश्वासन दिया।

09.

## अंशुल सैनी बने अलवर जिले के निकाय प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)**। राजस्थान कांग्रेस निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष जीवण खा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, भंवर जितेन्द्र सिंह, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के निर्देशानुसार अलवर जिले के निकाय प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

प्रदेशाध्यक्ष जीवण खा ने जिले में आगामी नगर निगम, नगर परिषद और पालिका चुनावों में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए जिलेभर में निर्देश जारी किए। इस नियुक्ति के साथ ही अंशुल सैनी जिले में निकाय स्तर पर कांग्रेस की गतिविधियों और संगठन को और प्रभावी बनाने की जिम्मेदारी संभालेंगे।

## शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर 13 सितंबर को दौरा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)**। शिक्षा एवं पंचायती राज विभाग के मंत्री श्री मदन दिलावर 13 सितंबर को जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रमानुसार वे सुबह 8:30 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बहादुरपुर में सूर्य नमस्कार, पौधारोपण कार्यक्रम, प्रतिभा सम्मान समारोह और स्मार्ट कक्षा-कक्ष का उद्घाटन करेंगे।

इसके बाद सुबह 10:30 बजे राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय, ट्रांसपोर्ट नगर में नव निर्मित कक्षा-कक्षों का शिलान्यास एवं सरस्वती मंदिर पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 12:30 बजे रिवाज रिसोर्ट में दैनिक भास्कर इंस्पायर अवार्ड कार्यक्रम, दोपहर 2 बजे प्रताप ऑडिटोरियम में श्री सेवा सम्मान शैक्षिक और सामाजिक सेवा समारोह, तथा शाम 4:30 बजे प्रताप ऑडिटोरियम में प्रधानाचार्य संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे।

साथ ही, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा भी 13 सितंबर को अलवर शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

## कन्या किशोर कौशल शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

राजगढ़ (अलवर)। शुक्रवार को गायत्री परिवार की ओर से राजगढ़ में कन्या किशोर कौशल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य बच्चों में अच्छे संस्कार, नैतिक मूल्य और सकारात्मक विचारधारा का विकास करना था। शिविर का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। यह विशेष शिविर राव एजुकेशन एकेडमी में आयोजित हुआ, जहाँ विद्यार्थियों को जीवन प्रबंधन, समय का सदुपयोग, नैतिक शिक्षा और आत्मविश्वास से आगे बढऩे के मंत्र सिखाए गए। राव एजुकेशन एकेडमी की निदेशक ने बताया कि आने वाली पीढ़ी को सशक्त और संस्कारी बनाना ही इस शिविर का मूल उद्देश्य है। बच्चों ने भी शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में गायत्री परिवार द्वारा ज्ञानवर्धक पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया, जहाँ विद्यार्थियों ने कई किताबें खरीदीं। गायत्री परिवार की डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि ऐसे शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। इस अवसर पर डॉ. वैशाली गुप्ता, रजनी शर्मा, गायत्री भारद्वाज, देवकीनंदन, विशाल विजय, के. के. मिश्रा, प्रगति पाराशर, मीना खंडेलवाल, प्रीति विजय सहित एकेडमी के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खेत में मिले कंकाल की शिनाख्त, हनुमान यादव के रूप में हुई पहचान

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)**। थाना क्षेत्र के मौठूका गाँव के बाजरे के खेत में बुधवार को मिले नर कंकाल की शिनाख्त हो गई है। परिजनों ने कंकाल के पास मिले कपड़ों के आधार पर इसे अपने सदस्य हनुमान यादव के रूप में पहचाना। थानाधिकारी सुरेंद्र मलिक ने बताया कि बुधवार को मौठूका गाँव की मीणों की ढाणी के पास कंकाल मिलने की सूचना पर बानसूर थाना पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। कंकाल को शिनाख्त के लिए बानसूर स्थित मोरचरी में रखा गया था। परिजनों शेरसिंह यादव, सुभाष यादव और लाली देवी ने कपड़ों के आधार पर इसे हनुमान यादव पुत्र बिडराम यादव (70 वर्ष) के रूप में पहचाना।

### जिले के 8 परीक्षा केंद्रों पर चतुर्थ श्रेणी परीक्षा में 19 सितंबर से 21 सितंबर तक कुल 15264 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

# जिला स्तरीय परीक्षा संचालन समिति की बैठक का किया गया आयोजन

बढ़ता राजस्थान

खैरथल-तिजारा। जिले में चतुर्थ श्रेणी परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परीक्षा संचालन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी चतुर्थ श्रेणी परीक्षा की तैयारियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई और सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक महिला एवं एक पुरुष पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, परीक्षा से एक दिन पूर्व जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। परीक्षा संचालन की पारदर्शिता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर दो वीडियोग्राफर नियुक्त करने के निर्देश भी दिए, जो परीक्षा प्रक्रिया के हर पहलू को वीडियोग्राफी के माध्यम से रिकॉर्ड करेंगे। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की परीक्षा के दौरान केंद्रों पर बिजली कटौती संबंधी समस्या नहीं आवे इसके लिए पहले से ही व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने बताया कि इस बार जिले के सभी केंद्रों पर चतुर्थ श्रेणी परीक्षा में कुल 15,264 अभ्यर्थी भाग लेंगे। परीक्षा का आयोजन जिले के 8 परीक्षा केंद्रों पर 19 सितंबर से 21 सितंबर तक कुल छह पारियों में किया जाएगा। प्रत्येक पारी में



2,544 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पहली पारी प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं दूसरी पारी दोपहर 3:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक आयोजित की जाएगी।

परीक्षा के सफल एवं सुरक्षित संचालन हेतु दो विशेष दल भी गठित किए गए हैं। प्रत्येक दल में तीन सदस्य होंगे, जो परीक्षा संचालन के दौरान किसी भी अनियमितता पर नजर रखेंगे तथा समय रहते आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने यह भी बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर नियुक्त एजेंसी अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक एवं एचएचएमडी डिवाइस से सत्यापन एंव जांच सुनिश्चित करेगी। साथ ही, प्रत्येक केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे ताकि परीक्षा संचालन पूरी तरह से पारदर्शी रहे।

अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं परीक्षा समन्वयक शिवपाल जाट ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों का प्रवेश परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटे पूर्व बंद कर दिया जाएगा। इसके अलावा, सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक सरकारी कार्मिक तैनात किए जाएंगे, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव, जिला कोष अधिकारी सुरेश कुमार बंसल, जिला शिक्षा अधिकारी शकुंतला मीणा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पार्टी के विस्तार के लिए जनसेवा को माध्यम बनाना होगाःऊर्जा मंत्री नागर

## ऊर्जा मंत्री ने किया कार्यकर्ताओं के साथ संवाद

बढ़ता राजस्थान

कोटा/ सांगोद/ बपावर,(विनोद गौड़)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शुक्रवार को झालावाड़ रोड स्थित होटल में सांगोद देहात और बपावर भाजपा मण्डल के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने खाद की उपलब्धता, खाद के साथ दिए जाने वाले अटैचमेंट, पीएम सूर्यघर योजना, मोबाइल नेटवर्क, नरेगा, खेतों के रास्ते, सामुदायिक भवन समेत विभिन्न समस्याओं के बारे में बताया। ऊर्जा मंत्री ने कार्यकर्ताओं से शिविरों के माध्यम से सरकारी योजना का लाभ जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से काम करते हुए पार्टी को मजबूती देता है। सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना के माध्यम से डेढ़ सौ यूनिट फिर बिजली मिल सकती है।

### स्वदेशी अपनाने का संकल्प लें

ऊर्जा मंत्री श्री नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की भावना के अनुरूप हम सभी को स्वदेशी को बढ़ावा देना चाहिए। स्वदेशी की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए हमें संकल्प करना चाहिए कि दीपावली पर खरीददारी लोकल मार्केट से ही करेंगे। सस्ते के चक्कर में भारत के उत्पादों की अपेक्षा नहीं करेंगे उन्होंने कहा कि प्राचीन भारत में ग्राम आधारित अर्थव्यवस्था थी।

### कार्यकर्ता खुलवाए हर पंचायत पर गौशाला तो अनुदान भी और समाधान

आवारा मवेशियों की समस्या पर बोलते हुए ऊर्जा मंत्री ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यकर्ता गौशालाएं खोलने के लिए प्रयास करें। इसके लिए गौशाला का रजिस्ट्रेशन कराते हुए गोपालन विभाग से सर्वे कराया जाए। इनमें 100 से अधिक गायों पर सरकार की ओर से अनुदान मिल सकता है। चारागाह भूमि पर गौशाला के लिए जमीन आवंटन भी हो सकेगा। किसी भी पंचायत में 100-200 से अधिक आवारा मवेशी नहीं होते। ऐसे में, इस समस्या का समाधान हो सकता है। बैठक में जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, प्रधान जयवीर सिंह अमृतकुआं, उपप्रधान ओम नागर अड़ूसा, मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, मुरारी मेहता मौजूद रहे।



## अपूर्ण कार्यों को पूरा कर आमजन को देंगे राहत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)**। कैथून, भीमपुरा, आरामपुरा व खेड़ा रामपुर क्षेत्र में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करते हुए इन क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास की वृहद कार्ययोजना तैयार की जा रही है। तत्कालीन नगर पालिका और पंचायत के कार्यकाल के दौरान जो कार्य अधूरे रह गए थे, उन्हें पूरा करवाया जाएगा। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देशों के रूप प्रयास किए जा रहे हैं कि इन क्षेत्रों के नागरिकों को शहरी क्षेत्र से जुडऩे का बाद बदलाव महसूस हो। यह बात नगर निगम कोटा उत्तर के नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा और आयुक्त अशोक कुमार त्यागी ने शुक्रवार को कैथून में आयोजित शहरी सेवा शिविर के निरीक्षण के बाद कही। राज्य सरकार की पहल पर प्रदेश भर चलाए जा रहे शहरी सेवा शिविर अभियान के तहत शुक्रवार को कैथून स्थित पूर्व नगर पालिका भवन में कैथून, भीमपुरा, आरामपुरा व खेड़ा रामपुरा क्षेत्र के लिए शिविर आयोजित किया गया था। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष योगेन्द्र नन्दवाना अल्कू तथा कैथून पालिका की पूर्व नेता प्रतिपक्ष गायत्री शर्मा के साथ आमजन से बात की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कैथून क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण भी किया।

**शिविर में आई 55 समस्याएंः** कैथून स्थित पूर्व नगर पालिका भवन में शुक्रवार को आयोजित शिविर में 55 परिवाद प्राप्त हुए। यह सब सफाई, रोडलाइट और रोड की मरम्मत से संबंधित थे। कुछ लोग पट्टे के आवेदन के लिए भी आए जिन्हें सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ आवेदन करने को कहा गया।

## खेजड़ली दिवस पर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)**। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एंड गाइड स्थानीय संघ कोटा दक्षिण के ग्रुप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आवासन मंडल केशवपुरा के स्काउट गाइड कब बुलबुल, मां कल्याणी रेंजर टीम की रेंजर्स व चंद्रशेखर आजाद ओपन रोवर क्रू के रोवर्स ने खेजड़ली दिवस के अवसर पर 363 बलिदानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वहीं रैली निकालकर प्रकृति बचाने का संदेश दिया। रैली आवासन मंडल केशवपुरा से रवाना होकर महावीर नगर विस्तार योजना, श्रीनाथपुरम, आरकेपुरम, रंगबाड़ी होते हुए कर्णेश्वर योजना पहुंची। जहां राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन के राष्ट्रीय संरक्षक वसवराज पाटिल, स्वामी विवेकानंद विचार संस्थान के अध्यक्ष गिरिराज गुप्ता, विभाकर जोशी, दिवाकर जोशी सहित विभिन्न लोगों ने भी भाग लिया।

## खाद्य सुरक्षा के गेहूं लेने गये लाभार्थी को राशन डीलर ने पीटा ,हाथ फ्रेक्चर

बढ़ता राजस्थान

**इटावा/खातौली**। खातोली क्षेत्र की पंचायत जटवाड़ा गांव में गत दिन गुरुवार को खाद्य सुरक्षा के गेहूं लेने गए किशनपुरा निवासी के साथ राशन डीलर के पति ने मारपीट कर दी । जटवाड़ा उचित मूल्य राशन डीलर माया मीणा के पति ने गेहूं लेने गए व्यक्ति महादेव बैरवा को मारपीट करते हुए गंभीर घायल कर दिया जिससे महावीर का दाहिना हाथ भी टूट गया । खतौली सीएससी अस्पताल के डॉक्टर मुकेश बेवर ने बताया की एक्सरे की सुविधा नहीं होने के कारण कोटा एमबीएस अस्पताल के लिए रेफर किया कर दिया है। खातोली पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। राशन डीलर के पति दौलतराम मीणा जटवाड़ा के खिलाफ मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर होने के बाद व घटना को 24 घंटे से ज्यादा होने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज बेरवा समाज का सोशल मीडिया पर आक्रोश सामने आ रहा है।

## पर्ची काउंटर पर लगी थी मरीजो की भीड़ अंदर बर्थडे मनाते रहे कंप्यूटर ऑपरेटर



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)**। एमबीएस अस्पताल की पुरानी ओपीडी में पर्ची कटवाने के लिए मरीजो की भीड़ लगी थी और काउंटर कर्मचारी जन्मदिन मनाने में व्यस्त थे । काउंटर के अंदर बाकायदा केक काटा जा रहा था और सेल्फी ली जारी थी । इधर मरीज और उनके तीमारदार परेशान है। मरीज के परिजन हिमांशु तंवर का कहना है कि उनकी मां गंभीर बीमार है, और उनकी पर्ची कटवाने के लिए कतार में खड़े थे लेकिन अंदर जन्मदिन सेलिब्रेट किया जा रहा था इस मामले में अस्पताल अधीक्षक ने जांच करने की बात कही है।

## वार्ड में मच्छरों से बचाव के लिए नगर पालिका ने कराई फोगींग

बढ़ता राजस्थान

रावतभाटा (नि.स.)। नगर पालिका के वार्ड नंबर 19 में जगह-जगह मच्छरों से वार्ड वासियों को कई प्रकार की बीमारियां हो रही थी। पूर्व पार्षद कानाराम चारण ने नगर पालिका को इसकी सूचना दी जिस पर नगर पालिका ईओ मुकेश नगर द्वारा संपूर्ण वार्ड मे जगह-जगह फोगिंग कराई गई । तथा वार्ड में साफ सफाई भी कराई गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वंदना योगी एवं सहयोगिनी सीमा परिहार द्वारा संपूर्ण वार्ड में घर घर जाकर बीमार व्यक्तियों की जांच की गई। वार्ड में डेंगू मलेरिया, सर्दी खांसी बुखार आदि की जांच की गई। उन्हें तुरंत दवाइयां दी गई। टीम एवं पार्षद कानाराम चारण द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को साफ सफाई रखना, समय पर भोजन करने के लिए समझाया गया। संपूर्ण वार्ड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पूर्व पार्षद द्वारा घूम कर जन जागृति कराई गई। पार्षद द्वारा वार्ड मैं नदी किनारे कुछ लाइट बंद थी जिन्हें ठीक करा कर पुणे चालू कराया गया। पार्षद एवं वार्ड वासियों द्वारा नगर पालिका ईओ एवं प्रशासक का आभार जताया गया।

# शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने किया कोटा शहर के विद्यालयों का औचक निरीक्षण

## विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा देने पर दिया जोर

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, (दामोदर सिंह)**। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर शुक्रवार को अचानक सुबह कोटा पहुंचे। निजी कार्यक्रम में शामिल होने कोटा पहुंचे मंत्री श्री दिलावर ने दोपहर में अचानक शहर के विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सबसे पहले राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, आवासन मंडल स्कूल, केशवपुरा पहुंचे जहां उन्होंने स्कूल परिसर और कक्षा कक्षों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा विद्यालय प्रशासन को नियमित स्वच्छता रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया। मंत्री दिलावर ने स्कूल में स्टाफ की उपस्थिति और बच्चों की संख्या को लेकर भी जानकारी ली। इसके बाद शिक्षा मंत्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय,केशवपुरा सेक्टर 2 और 3 पहुंचे। जहां उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही विद्यार्थियों से खेल सामग्री व खेल के नियमित कालांश को लेकर जानकारी ली। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद भी आवश्यक है। विद्यालयों में खेल सामग्री पहुंचा दी गई है। अब बच्चों को खेलने के लिए सामग्री उपलब्ध कराई जाए तथा खेल के कालांश नियमित रखे जाएं। शिक्षा मंत्री ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालाकुंड का भी निरीक्षण किया तथा स्कूल की व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी ली। मंत्री श्री दिलावर ने विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर देने तथा बच्चों को संस्कारित करने के भी शिक्षकों को निर्देश दिए। श्री दिलावर ने कहा कि तीनों ही स्कूलों में व्यवस्थाएं उपयुक्त हैं,परंतु शैक्षणिक कार्यों की गुणवत्ता पर और अधिक मेहनत करने की जरूरत है।

## दुकान में घुसकर व्यापारी के साथ मारपीट करने वाले दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। दुकान में घुसकर व्यापारी के साथ मारपीट करने की वारदात को अंजाम देने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो इनामी बदमाशों की गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों पर 30000 का इनाम भी घोषित था। कुन्हाड़ी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी बृजमोहन और कालूराम को गिरफ्तार किया, आरोपी बारां जिले के अटरू व अंता इलाके के रहने वाले हैं । इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार का जेल भेजा जा चुका है ।



**यह था मामलाः** सी आई अरविंद भारद्वाज ने बताया की आरोपियों ने 16 अप्रैल को दुकान पर व्यापारी के साथ मारपीट करने की वारदात को अंजाम दिया था। फरियादी बबलूजैन पुत्र ओमप्रकाश जाति महाजन उम्र 35 साल निवासी सब्जीमण्डी, नयापुरा, ने रिपोर्ट दी कि आज की दुकान पर काम करते समय पडौसी दुकानदार माला-बार नॉनवेज,जिसका मालिक उत्तम सुवालका उसके पिता मनोज सुवालका व काम करने वाले धनवीर और4 अन्य व्यक्ति हाथों में स्टील के पाईप व लकडियां लेकर हमारी दुकान पर आये, हमारी दुकान यही लगेगी और मै तुम्हारी दुकान पर भी कब्जा करुंगा । यह कहते हुए मेरे साथ मारपीट करने लगे मेरी मां मुन्ना देवी और मेरे पिता ओम प्रकाश बीच बचाव कराने आये तो उनके साथ भाई इन लोगो ने मिलकर मारपीट कर दी।फिलहाल कुन्हाड़ी थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## रावतभाटा संस्कार केंद्र पर जिला प्रमुख का प्रवास, बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियाँ



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)**। विद्या भारती शिक्षा संस्थान कोटा द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक मानव मंदिर रावतभाटा के बाल गोपाल सरस्वती संस्कार केंद्र, चारण बस्ती हनुमान मंदिर पर जिला संस्कार केंद्र प्रमुख श्री बालकृष्ण जी सुमन का प्रवास हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती सुशीला मोहनपुरिया, केंद्र संचालक दीदी श्रीमती गुलाब कंवर, मंदिर के पंडित जी, संचालन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे। जिला संस्कार केंद्र प्रमुख ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर वंदना का शुभारंभ किया। भैया-बहनों द्वारा वंदना के पश्चात सुंदर गीत प्रस्तुत किए गए। श्री सुमन ने बच्चों से पारिवारिक हाल-चाल जाना और उन्हें माता-पिता, गुरुजनों तथा बड़ों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने सत्य बोलने, निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करने, अनुशासन में रहने और समय पर कार्य पूर्ण करने जैसी जीवनोपयोगी बातें समझाईं। संस्कार केंद्र पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में भाजपा नगर मंत्री एवं विप्र फाउंडेशन प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना पुरोहित ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया।

### प्रकृति के संरक्षण और प्राकृतिक आपदाओं को रोकने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की आवश्यकता

## राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन ने कर्णेश्वर वन भूमि पर लगाए 363 बड़े पेड़, इस साल एक हजार पेड़ लगाने का रखा लक्ष्य

बढ़ता राजस्थान



कोटा, (दामोदर सिंह)। राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन एवं स्वामी विवेकानंद विचार संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आज कर्णेश्वर योजना वन भूमि पर 363 बड़े पौधे लगाकर वर्ष 1730 में 363 प्रकृति प्रेमियों द्वारा वृक्ष संरक्षण के लिए दिया गया ऐतिहासिक बलिदान को याद किया गया। इसी श्रद्धांजलि स्वरूप आज 363 बड़े पेड़ लगाए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से हुआ। प्रमुख अतिथियों में राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन के राष्ट्रीय संरक्षक बसवराज पाटिल, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, लाडपुरा क्षेत्र के रेंजर इन्द्रेश यादव, विवेकानंद विचार संस्थान के महामंत्री धवल सिंघल, अमृतादेवी नागरिक पर्यावरण समिति के विभाग संयोजक त्रिलोकचंद जैन और कोटा महानगर संयोजक श्याम मनोहर हरित शामिल थे। कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट गिरिराज गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन युवाओं में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जब हम इन बलिदानियों को भूल जाएंगे तो प्रेरणा कहाँ से लेंगे? उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष यहां पर 500 पेड़ लगाए गए थे, जो आज भी स्वस्थ हैं, और इस वर्ष एक हजार वृक्ष लगाने का संकल्प लिया गया है।

राष्ट्रीय संरक्षक बसवराज पाटिल ने कहा कि हमारा लक्ष्य 2040 तक वन आवरण को 33 प्रतिशत तक पहुंचाना है, लेकिन आज केवल 17 प्रतिशत वन क्षेत्र शेष है। इस अवसर पर विधायक संदीप शर्मा ने संस्था के आग्रह पर ओम ग्रीन मीडोज मल्टी के सामने स्वामी विवेकानंद पार्क में योग भवन बनाने की घोषणा भी की।

नगर निगम नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति सदियों से पेड़-पौधों का पूजन करती रही है।

जिला वन संरक्षक इन्द्रेश यादव ने बताया कि चट्टानी क्षेत्र में वृक्षारोपण चुनौतीपूर्ण है, फिर भी आमजन की सहभागिता से इसे सफल बनाया जा सकता है।

इस अवसर पर शिक्षा सहकारी कर्मचारीगण लिमिटेड के अध्यक्ष प्रकाश जायसवाल, ओम ग्रीन मीडोज के प्रबंधक पदम जैन, ओम अर्बन हाइट सोसाइटी के अध्यक्ष योगेश गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेन्द्र पारेता, सचिव वैभव जैन, सुरेन्द्र जैन, राजेन्द्र खंडेलवाल,डॉ. एल एन शर्मा, छुट्टन लाल शर्मा, योगेश जैन, तेजराज सिंह मीणा, दिनेश मीणा, प्रकृति प्रेमी गोपाल यादव, सीएल प्रजापति, दिवाकर जोशी, गणेश जांगिड़, अरविंद गर्ग, यूएस भाटी, समाजसेवी रघुवीर कपूर शम्मी, मोहन सेन शास्त्री, राजेंद्र मेघवाल, धर्मेंद्र मेघवाल सहित अन्य समाजसेवी और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। अंत में वार्ड 33 के पार्षद कमलकांत शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### काश्तकारों एवं भाजपा जनप्रतिनिधियों ने सांसद जोशी का किया स्वागत

## केंद्र सरकार द्वारा घोषित अफीम नीति वर्ष 2025-26 अफीम काश्तकारों के लिए बड़ी राहत

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा(नि.स.)**। केन्द्र सरकार द्वारा नई अफीम नीति वर्ष 2025-26 घोषित कर नीति में अफीम किसानों को राहत दी है। इस नई अफीम नीति की घोषणा से किसानों को राहत दिलाने पर निम्बाहेड़ा क्षेत्र के अफीम काश्तकारों एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने चित्तौड़गढ़ सांसद एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी का भव्य स्वागत किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण तथा पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के प्रति आभार व्यक्त किया।

भाजपा ग्रामीण पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट ने नई अफीम नीति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नई अफीम नीति में सीपीएस पद्धति के अंतर्गत ऐसे किसान जिन्होने वर्ष 2024-25 में पोस्ता भूसा 900 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से अधिक तुलवाया है, वह सभी किसान इस वर्ष चीरा पद्धति से अफीम खेती कर सकेंगे, साथ ही वे किसान जिन्होने 4.2 से अधिक मार्फिन जमा कराई है, वे सभी किसान इस वर्ष भी चीरा पद्धति में पात्र होंगे। जाट ने बताया कि नई नीति के माध्यम से ऐसे किसान जो वर्ष 2023-24 प्रति हेक्टेयर 675 किलोग्राम से कम पोस्ता भूसा की उपज देने के कारण फसल वर्ष 2024-25 के लिए निलंबित किए गए थे, उन किसानों को राहत प्रदान करते हुए इस वर्ष अफीम खेती करने के लिए पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 1995-96 के बाद के वे सभी अफीम किसान जो पिछले वर्ष की नीतियों में अफीम लायसेंस के लिए पात्र थे, परंतु किसी कारण से लायसेंस जारी नही हुए या फिर अफीम खेती नही कर पाए ऐसे सभी किसान और उनके वैध वारिस लायसेंस के लिए पात्र होंगे। वर्ष 2023-24 एवं 2025-26 में अपनी संपूर्ण खड़ी पोस्ता फसल संबंधित अधिकारियों की निगरानी में जुताई करा दी गई हो, लेकिन वर्ष 2022-23 के दौरान अपनी पूरी फसल न जुतवाई हो ऐसे किसान अफीम फसल वर्ष 2025-26 में पात्र होंगे, इसके साथ ही वे किसान जो फसल वर्ष 2024-25 में लायसेंस पाने के पात्र थे और किसी कारणवश पट्टा प्राप्त नही कर पाये ऐसे किसान भी इस वर्ष अफीम लायसेंस के लिए पात्र होंगे।

सांसद जोशी ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया तथा सभी अफीम काश्तकारों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि नई नीति के माध्यम से ऐसे किसान जिनके लायसेंस एनडीपीएस प्रकरण के कारण निरस्त कर दिए गए थे, परंतु न्यायालय द्वारा दोषमुक्त कर दिए गए है, तो वे सभी किसान भी अफीम लायसेंस के लिए पात्र होंगे।

सांसद जोशी का निम्बाहेड़ा में एक रिसोर्ट पर स्वागत के दौरान जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, भाजपा नगर पूर्व अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, मण्डल महामंत्री राजेश धाकड, शान्तिलाल मेनारिया, अम्बालाल मीणा, सोहनलाल जाट, कमलेश चावत, नारायण प्रजापत, श्यामलाल जाट, राजपाल राजाराम जाट, प्रकाश गायरी, किशन गायरी आदि ने काश्तकारों के हित में नई अफीम नीति वर्ष 2025-26 की घोषणा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण, सांसद सी.पी.जोशी तथा पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी का आभार प्रकट किया।

## रिमार्केबल एजुकेशन की पुस्तिका सही सलाह, सफलता की राह का भव्य विमोचन

# प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' संकल्प को साकार करने में युवाओं की भूमिका अहम

**बढ़ता राजस्थान**

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजनगर में रिमार्केबल एजुकेशन संस्था द्वारा प्रकाशित करियर मार्गदर्शक पुस्तिका 'सही सलाह, सफलता की राह' का विमोचन शुक्रवार को भव्य समारोह में हुआ।

कार्यक्रम में दीप्ति माहेश्वरी (विधायक, राजसमंद) वर्चुअल रूप से जुड़ीं, जबकि अरुण कुमार हसीजा (जिला कलक्टर), प्राची गौड़ (संस्थापक एवं सीईओ, रिमार्केबल एजुकेशन), घनश्याम गौड़ (एडीपीसी), उषा टेलर (सीबीईओ) और राकेश गोस्वामी (प्रोजेक्ट समन्वयक) सहित अधिकारी, शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। साथ ही, राजसमंद विधानसभा क्षेत्र के सभी राजकीय विद्यालयों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया।



**विकसित भारत का संकल्प पूरा करना युवाओं की जिम्मेदारी — विधायक माहेश्वरीः** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने वर्चुअल संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' संकल्प को साकार करने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तिका बच्चों को करियर के मार्ग में सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में बच्चों को अपने टैलेंट की पहचान होनी चाहिए, ताकि वे उसी अनुसार अपना करियर चुन सकें। सभी बच्चे इसे अवश्य पढ़ें और शिक्षक भी सुनिश्चित करें कि वे बच्चों को इसके अध्ययन के लिए प्रेरित करें।

**हर बच्चा अपनी क्षमताओं को पहचाने — जिला कलक्टरः** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने कहा कि यह अभियान किसी एक संस्था का नहीं, बल्कि सभी की सहभागिता से चलने वाला सामूहिक प्रयास है। इसका उद्देश्य बच्चों को उनकी क्षमताएँ पहचानने में मदद करना है। उन्होंने कहा कि अक्सर हम अपनी योग्यता का आकलन दूसरों से करते हैं, जबकि आवश्यक है कि हम अपनी ताकत को पहचानें और अपने अनुरूप सही क्षेत्र का चयन कर आगे बढ़ें।

**सही मार्गदर्शन से ही मिलती है सफलता — डॉ. गौड़ः** प्राची गौड़ ने कहा कि अक्सर बच्चों का भविष्य उनके आस-पास के लोग तय करते हैं, जो उनकी वास्तविक क्षमताओं को नहीं पहचान पाते। बच्चों को स्वयं यह समझना चाहिए कि उनकी ताकतें क्या हैं और वे किन क्षेत्रों में आगे बढ़ सकते हैं। इसके लिए उन्हें सही मार्गदर्शन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रिमार्केबल एजुकेशन द्वारा कराया जाने वाला साइकोमेट्रिक टेस्ट बच्चों को उनकी क्षमताओं से परिचित कराने का एक वैज्ञानिक प्रयास है।

**'उमंग' अभियान की भी हुई शुरुआतः** इस अवसर पर जिला प्रशासन, राजसमंद द्वारा रिमार्केबल एजुकेशन संस्थान के सहयोग से शुरू की गई अभिनव पहल 'उमंग' का भी शुभारंभ हुआ। इसके तहत जिले के 15 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं का साइकोमेट्रिक टेस्ट कराया जाएगा।

## बसेड़ी रोड पर निधारा पुलिया के पास दो बाइकों में भिड़ंत

**बढ़ता राजस्थान**

बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर के बसेड़ी रोड पर निधारा गांव की पुलिया के पास दो बाइको में भिड़ंत का मामला सामने आया है। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग घायल हुए हैं।घायलों को मौके पर पहुचे परिजनों द्वारा निजी साधनों से बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से दो घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया गया है। एक घायल का उपचार बाड़ी अस्पताल में जारी है।

जानकारी के अनुसार शहर के बड़ा बाग मदारीपुरा निवासी निहाल पुत्र फतेह सिंह ठाकुर अपने पशुओं के लिए सूखे चारे की खरीद करने बसेड़ी के नयापुरा गांव बाइक से जा रहा था। इस दौरान जैसे ही वह निधारा पुलिया के पास पहुचा। निधारा गांव से बाड़ी जा रहे अजय और भोले पुत्र देवी चरण गुर्जर की बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में निहाल के साथ दूसरी बाइक पर सवार अजय और भोला भी घायल हो गए।

तीनों घायलों को मौके पर पहुंचे परिजनों और लोगों द्वारा निजी साधनों से बाड़ी अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान अजय और भोले की तबीयत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर किया है। घायल निहाल ठाकुर का उपचार बाड़ी अस्पताल में चल रहा है।

# सोने का गुर्जा पुलिस ने जंगल से पकड़े तीन बदमाश, एक इनामी भी शामिल



**बढ़ता राजस्थान**

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** सोने का गुर्जा थाना पुलिस ने डीएसटी टीम की सूचना पर थाना क्षेत्र के डांग एरिया में कार्रवाई करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक इनामी भी शामिल है। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से तीन देशी कट्टा और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

सोने का गुर्जा थाना अधिकारी महेश चंद ने बताया कि गुरुवार की शाम डीएसटी टीम के इंचार्ज प्रेम सिंह ने सूचना दी कि वरुवर मोड़ के पास मुरैना जिले के तीन बदमाश देखे गए हैं, जिनमें एक इनामी है। इस पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान और एडिशनल एसपी कमल कुमार जागिड़ के निर्देशन में डीएसटी टीम और सोने का गुर्जा थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर जंगल में झाड़ियों में छिपे तीनों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार बदमाश मुरैना जिले के देवगढ़ थाना क्षेत्र के बड़वासन गांव के निवासी हैं और सभी सगे भाई हैं। इनकी पहचान दीपू पुत्र नाथू सिंह गुर्जर, सचिन उर्फ पपला पुत्र नाथू सिंह और जोगिंदर उर्फ जोगा पुत्र नाथू सिंह गुर्जर के रूप में हुई। जोगिंदर पर एसपी मुरैना ने 8,000 रुपए का इनाम घोषित किया हुआ था। सोने का गुर्जा पुलिस ने मुरैना पुलिस को भी मामले की जानकारी दी है। सभी के खिलाफ 3/25 आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया है और पूछताछ जारी है।

## रैनी सीजन में कट गया रिंग रोड, मंदिर को जाने वाले वाहनों का आवागमन ठप

**दो पहिया वाहन और राहगीरों को निकलने में हो रही है परेशानी**



**बढ़ता राजस्थान**

सैंपऊ (राजू शर्मा)। कस्बे के न्यू वाटर बॉक्स से चामुंडा मंदिर रिंग रोड की तरफ जाने वाला रास्ता बारिश के सीजन में बुरी तरह से कट चुका है। जिसके चलते दो पहिया चार पहिया वाहनों के साथ राहगीरों का आवागमन प्रभावित बना हुआ है। लोगों को आए दिन आवागमन करते समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले दिनों नगर पालिका प्रशासन को शिकायत किए जाने के बाद भी रास्ते की मरम्मत नहीं कराई गई है। जिसके चलते चार पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। वही दो पहिया वाहन एवं पैदल राहगीरों को रास्ता निकालने में भारी मशक्कत ग्रामीण लाखन कुशवाहा गौरव तमोरी आदि ने बताया कि बारिश के सीजन में न्यू वाटर बॉक्स से चामुंडा मंदिर रिंग रोड की तरफ गया रास्ता बुरी तरह से कट चुका है। ऐसे में खेती किसानी के कार्य से खेतों को जाने वाले कृषि साधनों, धौलपुर- बाड़ी मार्ग से रिंग रोड के रास्ते कस्बे में जाने वाले वाहनों का आवागमन पूरी तरह से ठप हो चुका है। दोपहिया वाहन और पैदल राहगीर भी बड़ी मुश्किल से निकल पा रहे हैं। वार्ड पार्षद घूरे लाल जोशी ने बताया कि रास्ते की समस्या को लेकर पिछले दिनों नगर पालिका के अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी को शिकायत की गई है उसके बावजूद अभी तक मरम्मत कार्य शुरू नही हो पाया है। उधर अधिशासी अधिकारी ने बजट उपलब्ध नहीं होने की समस्या बताई है। ईओ ऋतुराज शर्मा ने बताया कि फिर भी रास्ते को समतल कराकर लोगों को राहत देने की कोशिश की जाएगी।

## राजसमंद व्यापारियों ने राजस्थान विधानसभा में धर्मांतरण विरोधी विधेयक पारित होने पर बाँटी मिठाइयाँ

**बढ़ता राजस्थान**

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। राजस्थान विधानसभा में मंगलवार को धर्मांतरण रोकने संबंधी विधेयक पारित होने पर राजसमंद के व्यापारियों ने हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर बस स्टैंड राजनगर पर मिठाइयाँ बाँटकर उल्लास मनाया गया। व्यापारियों ने इस विधेयक को ऐतिहासिक एवं दूरगामी प्रभाव वाला कदम बताते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्य सरकार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू होने से जबरन, छल, प्रलोभन, विवाह अथवा अन्य किसी भी माध्यम से होने वाले अवैध धर्मांतरण पर कड़ी रोक लगेगी। विशेष रूप से मेवाड़ क्षेत्र के आदिवासी इलाकों में पिछले वर्षों से सामने आ रही घटनाओं को देखते हुए यह कानून गरीब, वंचित और अशिक्षित वर्ग के संरक्षण के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच साबित होगा। मिठाई वितरण कार्यक्रम में नरबदा शंकर पालीवाल, कमलेश कोठारी, मान सिंह बाहरठ, प्रदीप खत्री, सुनील पालीवाल, प्रहलाद वैष्णव, एडवोकेट भरत पालीवाल, ललेश खत्री, अनिल खंडेलवाल, भेरूलाल नंदवाना, खेमराज कुमावत, गिरीश पालीवाल, भवानी जोशी, रिंकू साहू, लक्ष्मण सिंह राव, राजकुमार सेन, कैलाश निष्कलंक, ललित पालीवाल, विकास पालीवाल, मधुसूदन सोनी, बसंत प्रजापत, रतन साहू, जगेन्द्र पालीवाल, दुर्गेश पालीवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान गौ सेवा समिति ने पशु मेलों को सांस्कृतिक रूप देने की मांग की

**बढ़ता राजस्थान**

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजस्थान गौ सेवा समिति, जयपुर की राजसमंद शाखा ने जिले में आयोजित होने वाले पशु मेलों को सांस्कृतिक स्वरूप देने की मांग को लेकर शुक्रवार को जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा। समिति के जिलाध्यक्ष जेठु सिंह राजपुरोहित, मिठालाल शर्मा, सुशील बड़ाला और पुरुषोत्तम आमेटा सहित पदाधिकारियों ने विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी, जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता सहित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि कुरज (रेलमगरा), कुंवारिया और देवगढ़ मेलों में गोवंश की अवैध खरीद-फरोख्त और तस्करी की आशंका है। समिति ने उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए आमेट मेले की तर्ज पर इन पशु मेलों को भी सांस्कृतिक रूप में आयोजित करने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि अवैध व्यापार जारी रहा तो जिलेभर के गोभक्त धरना-प्रदर्शन करेंगे।

## नगर परिषद में 3 लाख रुपए की रिश्वत प्रकरण में पांचों कार्मिक गिरफ्तार, कमिश्नर से 12 घंटे पूछताछ

**बढ़ता राजस्थान**

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर नगर परिषद में ठेकेदार से 3.10 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में एसीबी ने नगर परिषद के एईएन प्रिया झा समेत पांच कार्मिकों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। गुरुवार को एसीबी टीम ने छापा मारकर एईएन प्रिया झा, कैशियर भरत, यूडीसी नीरज, ड्राइवर देवेंद्र और संविदाकर्मी हरेंद्र को निहालगंज थाने में रखा। शुक्रवार दोपहर को सभी आरोपियों को भरतपुर कोर्ट में पेश किया गया। इस मामले में नगर परिषद कमिश्नर अशोक शर्मा को 12 घंटे तक पूछताछ के बाद रात 3 बजे छोड़ दिया गया। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भरतपुर अमित सिंह ने बताया कि कमिश्नर की संदिग्ध भूमिका के कारण उनसे विस्तार से पूछताछ की गई। ठेकेदार के बकाया बिल के भुगतान के एवज में कमिश्नर और कर्मचारियों ने 3.10 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी, जिसमें एईएन प्रिया झा द्वारा 70 हजार रुपए की राशि 60 हजार रुपए में तय हुई थी।

इस कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं क्योंकि कमिश्नर को छोडऩे और एईएन को गिरफ्तार करने के निर्णय से नगर परिषद में भ्रष्टाचार के स्तर पर चिंता जताई जा रही है। नेता प्रतिपक्ष कुक्कू शर्मा ने कहा कि नगर परिषद में सभी स्तर पर भ्रष्टाचार व्याप्त है और शिकायत के बावजूद उचित कार्रवाई नहीं की गई, जिससे भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है।

# गेगल में पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए के.जी.एन ग्रुप ने एकत्रित की राशन सामग्री और सहायता राशि

**बढ़ता राजस्थान**

अजमेर (मोहम्मद नज़ीर कादरी)। अजमेर के ग्राम गेगल में के.जी.एन ग्रुप सोशल वर्क संस्था की ओर से पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए राशन सामग्री और सहायता राशि एकत्रित की गई। इस अवसर पर संस्था के हाफिज़ आसिफ़ रज़ा ने बताया कि पंजाब में आई बाढ़ से 1400 से अधिक गांव प्रभावित हुए हैं और लाखों लोगों को भारी नुकसान झेलना पड़ा।



इस दृष्टि से के.जी.एन ग्रुप ने एक अभियान चलाया, जिसमें ग्राम गेगल, ग्राम चांदयावास और ग्राम खेड़ा के सभी साथियों ने घर-घर जाकर राशन सामग्री और आर्थिक सहायता एकत्रित की। इस मुहिम में स्थानीय ग्रामवासियों ने भी भरपूर सहयोग दिया, जिससे गंगा-जमुनी तहज़ीब की एकता का प्रतीक स्थापित हुआ।

हाफिज़ आसिफ़ रज़ा ने बताया कि एकत्रित सामग्री और सहायता राशि जल्द ही पंजाब भेजी जाएगी ताकि प्रभावित परिवारों को राहत पहुँचाई जा सके। इस अभियान में आरीफ खान, आसिफ़ खान, सोहिल, आरीफ, अजरूद्दीन, शाहरुख, मुजफ्फर भाई, अरमान, असलम कुरैशी, गब्बर, फारुख, अबरार, अरबाज, यासीन, वहाब (राजू), हैदर अली, लतीफ़ भाई, आसिफ़ भाई, रोशन, इमरान आसिफ़ कुरैशी, सद्दाम हुसैन सहित कई अन्य लोग सक्रिय रूप से शामिल रहे और इस नेक कार्य में सहयोग किया।

## उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन की जीत पर अजमेर दरगाह में शुकराने की चादर पेश

**बढ़ता राजस्थान**

अजमेर(मोहम्मद नज़ीर क़ादरी) । भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में सीपी राधाकृष्णन की शानदार जीत के बाद अजमेर शरीफ दरगाह में शुकराने की चादर पेश की गई। इस अवसर पर वर्ल्ड पीस हार्मनी के चेयरमैन हाजी शकील सैफी और समाजसेवी याकूब ख़ान ने चादर चढ़ाई। उनके साथ आदिल ख़ान, साहिल सैफ़ी, महमूद ख़ान, हाकम पठान और मौलाना लुकमान भी मौजूद थे।



हाजी शकील सैफी ने उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन की जीत को देश की प्रगति और राष्ट्रीय एकता के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा, सीपी राधाकृष्णन का उपराष्ट्रपति बनना संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करेगा और देश के लिए सकारात्मक संदेश है। इस अवसर पर ख्वाजा साहब की दरगाह पर देश की खुशहाली और शांति के लिए दुआएं भी मांगी गईं। चादर पेश करने के बाद हाजी शकील सैफी और उनका दल ऑल इंडिया सज्जादानशीन काउंसिल के कार्यालय पहुंचे, जहाँ चेयरमैन सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति को जीत पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन का चयन देश के लिए गर्व का विषय है और उनकी नेतृत्व क्षमता भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को और सशक्त करेगी। सैयद नसीरुद्दीन ने इस अवसर पर एकता और शांति का संदेश देते हुए ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की शिक्षाओं के अनुसार समाज में प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

**प्रभावित परिवारों को राहत देने में सरकार व प्रशासन की रही सिर्फ औपचारिकता**

# पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने प्रभावित परिवारों को दी सहायता

**बढ़ता राजस्थान**

**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर कादरी)।** पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने अजमेर उत्तर विधानसभा के स्वास्तिक नगर में शुक्रवार को बोराज तालाब की पाल टूटने से प्रभावित परिवारों को सहायता भेंट की। राहत शिविर के दौरान पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खाद्य सामग्री, शिक्षण सामग्री व वस्त्र भेंट किए। लोगों को आटे के कट्टा, चावल, तेल, साबुन सहित एक महीने की खाद्य सामग्री दी गई। इसके अलावा बच्चों को स्कूल ड्रेस, टीशर्ट, लोवर, बिस्तर भी दिए गए। साथ ही लोगों के घरों में जाकर आंखों से नुकसान को देखा और सरकार से राहत दिलाने की बात कही।



पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि स्वास्तिक नगर, विनायक नगर व रावत कॉलोनी में बोराज तालाब टूटने से लोगों को जबरदस्त नुकसान हुआ है। तालाब टूटने की आपदा आने के बाद उत्तर विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष अपनी टीमों के साथ लोगो की मदद के लिए कार्य कर रहे है। लगातार भोजन व राहत सामग्री वितरित कर पीड़ित परिवारों की सहायता कर रहे है। आपदा के बाद उत्तर विधानसभा कांग्रेस की टीम ने घर घर जाकर सर्वे किया और नुकसान की रिपोर्ट बनाई है। इस रिपोर्ट को राज्य सरकार को भेजेंगे। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को सर्वे रिपोर्ट देंगे। ताकि लोगों को सही समय पर मुआवजा मिल सके। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी यहां का दौरा किया था और पीड़ित लोगों से मिले थे और सरकार से शीघ्र राहत देने की मांग की थी। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता समर्पित होकर पीड़ितों की सेवा कर रहे है। लेकिन राज्य सरकार और प्रशासन के स्तर पर पीड़ित लोगों को नाम मात्र की राहत दी जा रही है।जिस पर लोगों की नाराजगी खुलकर सामने आई।

पीड़ित लोगो ने मुझसे कहा कि प्रशासन के अधिकारियों ने नुकसान की भरपाई के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए, अब तक सिर्फ औपचारिकताएं निभाई जा रही है, जबकि लोग खाने पीने के लिए तड़प रहे है। इस दौरान पार्षद पूर्व विधायक व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर राजुकमार जयपाल, नोरत गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल, वाहिद मोहम्मद, पूर्व पार्षद सर्वेश पारीक, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी बुंदेल, सेवादल शहर अध्यक्ष देशराज मेहरा, , मंडल अध्यक्ष छोटू सिंह रावत, भंवर सिंह राठौड़, पंकज छोटवानी, निमेष चौहान, हेमंत जसोरिया, राजेश गोड़ीवाल, निर्मल पारीक सुमित मित्तल, विकास चौहान, पीयूष सुराणा, महेंद्र जोधा, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसडीओ दिव्यांश सिंह ने टॉडगढ़ सीएचसी व तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण



**बढ़ता राजस्थान, ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह ने टॉडगढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। सीएचसी में ओपीडी, आईपीडी, वार्ड, प्रसूति कक्ष व दवा वितरण की व्यवस्थाएँ देखी तथा सांप व कुत्ते के काटने पर लगने वाले इंजेक्शन की उपलब्धता जांची, जो पर्याप्त पाई गई। तहसील कार्यालय में रजिस्ट्री, कानूनगो शाखा व राजस्व प्रकरणों की कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने पटवारियों को समय पर पारदर्शी गिरदावरी कार्य पूरा करने और आमजन को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## जिला स्तरीय खेलकूद में कंचन देवी जैन विद्यालय के छात्रों ने जीते 9 पदक



**बढ़ता राजस्थान, ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** ब्यावर कंचन देवी जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुश्ती व बॉक्सिंग में कुल 9 पदक हासिल किए। ईशिका चौहान, पुनीत व हर्ष ने स्वर्ण पदक जीतकर राज्य स्तर पर स्थान बनाया। वहीं रोहित, जतिन, अर्पित व मनुरिका ने बॉक्सिंग में कांस्य पदक जीते। विद्यालय प्रबंधन ने खिलाड़ियों का सम्मान किया और निदेशक सुयश तातेड़ व सहनिदेशक हिमांशु तातेड़ ने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## ब्यावर सिटी थाने में नई नियुक्तियां, आशुतोष पाण्डे बने थानाधिकारी

**बढ़ता राजस्थान, ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** ब्यावर एसपी रतनसिंह



के निर्देशानुसार ब्यावर सिटी थाने में लंबे समय से रिक्त चल रहे थानाधिकारी पद पर आशुतोष पाण्डे की नियुक्ति की गई है। भवानीसिंह को सिटी थाने में द्वितीय अधिकारी बनाया गया है। वहीं राजूराम सिरवी को जैतारण थानाधिकारी और उपनिरीक्षक विजयसिंह को आनंदपुर कालू का थानाधिकारी पद सौंपा गया है।

## शाहपुरा में एसीईओ का निरीक्षण, पौधारोपण व मतदान जागरूकता का किया आह्वान

**बढ़ता राजस्थान, ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** ब्यावर पंचायत समिति जवाजा की ग्राम पंचायत शाहपुरा में एसीईओ गोपाल लाल ने भारत उपवन 2.0 परियोजना के तहत लगाए गए फलदार पौधों का निरीक्षण किया। पौधों को लहलहाता देख उन्होंने संतोष व्यक्त किया। इस दौरान स्वीप गतिविधि के तहत ग्रामीणों को मतदान के महत्व की जानकारी देते हुए आगामी चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान का आह्वान किया। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण कर उन्होंने ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण व वृक्षों की देखभाल के लिए प्रेरित किया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

## नपा कपासन में आज नवनिर्मित सभागार का लोकार्पण एवं बोर्ड बैठक का आयोजन




**बढ़ता राजस्थान,कपासन (नि.स.) ।** नगर पालिका कपासन की ओर से नवनिर्मित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार का लोकार्पण एवं पालिका बोर्ड बैठक का आज शनिवार को आयोजन होगा । नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजु देवी सोनी ने बताया कि नगर पालिका कपासन की ओर से पालिका परिसर में नवनिर्मित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार का लोकार्पण कार्यक्रम शनिवार दोपहर एक बजे सांसद सीपी जोशी के मुख्य आतिथ्य,विधायक अर्जुनलाल जीनगर की अध्यक्षता एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित होगा। इसके उपरांत नगर पालिका कपासन मंडल की साधारण बोर्ड बैठक का नगर पालिका के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में शनिवार अपराह्न तीन बजे नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी की अध्यक्षता में आयोजन होगा।जिसमे आगामी दशहरा मेला आयोजन सहित विभिन्न बिंदुओं पर जनप्रतिनिधियों से सुझावों के साथ चर्चा की जायेगी।

## जजावर हाई स्कूल की तीन छात्राओं ने खो-खो में जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया



**बढ़ता राजस्थान, जजावर (पदम शाह)।** स्थानीय सरकारी हाई स्कूल जजावर की तीन छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय 19 वर्ष आयु वर्ग की बालिका खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल रहा। विजेता छात्राओं के सम्मान में शनिवार को स्कूल की अन्य छात्राओं ने डीजे के साथ जुलूस निकाला और आतिशबाजी कर खुशी मनाई। जुलूस में शामिल विद्यालय के शिक्षक महावीर सिंह और देवकिशन सैनी ने बताया कि छात्राएं निशा सैनी, रामधन्नी नागर और कोमल सैनी ने प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर पहला स्थान हासिल किया है।

# राजस्थान उच्च न्यायालय की बेंच स्थापित करने की मांग को लेकर कपासन में अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

### उक्त मांग के लिए अधिवक्ताओं एवं आमजन का 44 वर्षों से जारी है संघर्ष

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया )** । कपासन -संभाग मुख्यालय उदयपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय की बेंच स्थापित करने की मांग को लेकर क्षेत्रीय अधिवक्ताओं द्वारा नारेबाजी के साथ राज्यपाल के नाम शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी अनुसार संभाग मुख्यालय उदयपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय की बेंच स्थापित करने की मांग अधिवक्ताओं एवं आमजन द्वारा पुरजोरता के साथ वर्षों से बुलंद की जाती रही है।इसी क्रम में अभिभाषक संघ कपासन के तत्वावधान में क्षेत्रीय अभिवक्ताओं द्वारा उदयपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय की बेंच स्थापित करने की मांग को लेकर नारेबाजी के साथ राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका को ज्ञापन सौंपा गया। अभिभाषक संघ कपासन ने





ज्ञापन में बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा मेवाड़-वागड़ क्षैत्र में हाईकोर्ट बेंच की खंडपीठ या वर्चुअल हाईकोर्ट बेंच की घोषणा नहीं कर मेवाड़-वागड़ क्षैत्र की जनता के साथ कुठाराघात किया जा रहा है।गौरतलब है कि उदयपुर, राजसमंद,भीलवाड़ा,चितौडग़ढ़,प्रतापगढ़,बांसवाड़ा, डुंगरपुर एवं सलूंबर जिले के अधिवक्ताओं एवं आमजन द्वारा विगत 44 वर्षों से उदयपुर राजस्थान उच्च न्यायालय की बेंच स्थापित करने हेतु मांग की जा रही है।यहां इतने लंबे संघर्ष उपरांत भी सत्ता में स्थापित होने वाली किसी भी सरकार द्वारा आज दिन तक उक्त मांग के संबंध में कोई आश्वासन प्रदान नहीं किया गया।जिससे मेवाड़-वागड़ क्षैत्र की आम जनता एवं अधिवक्ताओं में तीव्र रोष व्याप्त है।साथ ही विरोध स्वरूप बार एसोसिएशन कपासन के अधिवक्ताओं द्वारा न्यायिक कार्यों में स्वैच्छिक भाग नहीं लिया जा रहा है।ज्ञापन के अंत में अभिभाषक संघ कपासन द्वारा सरकार से संभाग मुख्यालय उदयपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय की बेंच स्थापित करने संबंधी त्वरित आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करने की मांग की गयी है। बार एसोसिएशन कपासन के संयुक्त सचिव गौरव दाधीच ने बताया कि उक्त ज्ञापन प्रक्रिया के दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव,चंद्रसिंह भंडारी, गोपाल बुढ़साणा,रतनलाल टांक,राजकुमार लड्ढा, मोहनलाल गाडरी,अशफाक अली,गोविंद सिंह पंवार, पवन शर्मा,ठाकुरप्रसाद व्यास,प्रकाश राव,पवन जायसवाल,रमन जाट,पुरुषोत्तम योगी आदि स्थानीय बार एसोसिएशन के अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## जेसीआई सप्ताह 2025 : जेसीआई बूंदी ऊर्जा ने चौथे दिन मनाया बिजनेस डे

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जेसीआई बूंदी ऊर्जा द्वारा जेसीआई सप्ताह 2025 के चौथे दिन बिजनेस डे का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया, जिसमें सदस्यों के व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई रोचक और प्रेरणादायक गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम की समन्वयक ख्याति भंडारी और एकता जैन ने बताया कि इस अवसर पर एक ऑनलाइन कार्यक्रम 'बिजनेस रील मैराथन' आयोजित किया गया, जिसमें सदस्यों ने सोशल मीडिया पर अपने-अपने व्यवसाय को प्रमोट करने के लिए रील बनाकर साझा की और इस मैराथन में सक्रिय भागीदारी निभाई।

बिजनेस डे के तहत जेसीआई बूंदी ऊर्जा ने अपने सदस्यों के लिए विशेष बिजनेस बोर्ड भी तैयार करवाए, जिन पर उनके व्यवसाय की जानकारी प्रदर्शित की गई। इससे न केवल उनके व्यवसाय को व्यापक प्रचार मिला, बल्कि संगठन




की पहचान को भी मजबूती मिली।

संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सदस्यों को उनके व्यवसाय में सहयोग प्रदान करना और उन्हें सफलता की दिशा में प्रेरित करना है। साथ ही, इस आयोजन ने सदस्यों के बीच एकजुटता और आपसी सहयोग की भावना को भी सशक्त किया है। जेसीआई बूंदी ऊर्जा की टीम को इस सफल आयोजन और सदस्यों के प्रति उनके समर्पण के लिए सराहा गया। संगठन का यह प्रयास निस्संदेह जेसीआई के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## फैक्ट्री द्वारा केमिकलयुक्त पानी छोडऩे के विरोध में ग्रामीणों ने किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा) ।** हमीरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री द्वारा केमिकलयुक्त दूषित पानी और जहरीला धुआं छोडऩे के विरोध में ग्रामीणों ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर फैक्ट्री के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। ग्रामीण प्रतिनिधि किशन कीर और गोदु लाल ने बताया कि सोना प्रोसेस नामक निजी फैक्ट्री द्वारा लगातार केमिकलयुक्त पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे आसपास के गांवों में खेती बर्बाद हो गई है। प्रदूषित पानी से क्षेत्र के कुओं में भी बदबूदार पानी भर गया है, जिससे ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी इस पानी को पीने से कई पशुओं की अकाल मृत्यु हो चुकी है। ग्रामीणों ने इस मामले में पूर्व में तहसीलदार, थानाधिकारी और प्रदूषण मंडल को लिखित शिकायतें दी थीं, लेकिन अब तक फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में नदी-नाले उफान पर होने के कारण फैक्ट्री संचालक रात्रि के समय केमिकलयुक्त, प्रदूषित और बदबूदार पानी गुवारड़ी नाले और कीरों की झोपडियों से होकर बहने वाले नालों के जरिए नदी में छोड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को दिए ज्ञापन में मांग की है कि फैक्ट्री द्वारा छोड़े जा रहे इस केमिकलयुक्त पानी को तुरंत रोका जाए और फैक्ट्री संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### अशोक कोठारी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

## गौ तस्करी रोकने और गौ माता को 'राजमाता' का दर्जा देने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा) ।** भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने राजस्थान में गौ तस्करी पर रोक लगाने, निराश्रित गौवंशों की समस्या के समाधान और गौ माता को 'राजमाता' का दर्जा देने की मांग को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र की प्रति राज्य के मुख्य सचिव और विधानसभा अध्यक्ष को भी प्रेषित की है। विधायक कोठारी ने अपने पत्र में कहा है कि गौ तस्करी पर रोक के लिए वर्ष 1995 और 2019 में कानून बनाए गए थे, बावजूद इसके प्रदेश में गौवंशों की संख्या लगातार घट रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि गौ तस्कर पशु मेलों की आड़ में बड़ी संख्या में गौवंशों को राज्य से बाहर कत्लखानों तक पहुंचा रहे हैं। कोठारी ने बताया कि हाल ही अप्रैल 2025 में बांसवाड़ा जिले के घाटोल थाना क्षेत्र में पुलिस ने 52 वाहनों से 388 गौवंशों को मुक्त कराया था। इनमें दो गौवंशों की मौत हो चुकी थी और कई घायल अवस्था में मिले थे। जांच में यह भी सामने आया कि ये गौवंश नागौर जिले के मेड़ता पशु मेले से लाए जा रहे थे। इस घटना में माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों की भी पालना नहीं हुई थी।

## नेपाल में हिंसक आंदोलन:बूंदी के 7 तीर्थयात्री पोखरा में फंसे, भारतीय दूतावास ने मदद शुरू की

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** नेपाल में जारी हिंसक आंदोलन के बीच बूंदी जिले के सात तीर्थयात्री पोखरा में फंस गए हैं। देवपुरा निवासी हेमराज सोनी, उनकी पत्नी सूरज सोनी और पांच अन्य परिजन 4 सितंबर को धार्मिक यात्रा पर नेपाल गए थे। जनकपुर और काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन के बाद जैसे ही वे पोखरा पहुंचे, वहां अचानक हिंसक आंदोलन शुरू हो गया और सभी वहीं फंस गए। बढ़ते तनाव के बीच परिवार की चिंता को देखते हुए हेमराज सोनी के बेटे लोकेश सोनी ने कांग्रेस नेता व राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा से मदद मांगी। शर्मा ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत विदेश मंत्रालय और नेपाल स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क कर इस परिवार समेत सभी



भारतीय नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने की अपील की। दूतावास ने गुरुवार रात फंसे हुए परिवार से फोन पर संपर्क साधा और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस कार्रवाई के बाद परिवार के सदस्यों की सुरक्षित वापसी की उम्मीद जगी है। इधर, बूंदी में परिजन बेहद चिंतित हैं और एक-एक पल बेचैनी में काट रहे हैं। लोकेश सोनी ने बताया कि उनके पारिवारिक मित्र ओमप्रकाश मीणा की मदद से ही वे चर्मेश शर्मा तक पहुंचे। शर्मा शुक्रवार को खुद लोकेश से मिलने पहुंचे और परिवार को आश्वस्त किया कि सभी सदस्यों को सुरक्षित भारत लौटाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। हालांकि, हिंसा की वजह से सडक़ मार्ग पर सुरक्षा को लेकर अभी भी भय का माहौल बना हुआ है। लोकेश के अनुसार, कुछ मार्गों पर बसों का संचालन धीरे-धीरे शुरू हो रहा है और त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से भी उड़ानें शुरू होने की संभावना है, लेकिन रास्ते में भारतीय तीर्थयात्रियों की बसों पर पथराव की घटनाओं ने परिजनों की चिंता और बढ़ा दी है।

### राज्य में अतिवृष्टि के कारण 75 से 100 प्रतिशत तक फसलें खराब हो चुकी हैं

# फसल खराबे की क्षतिपूर्ति कर सरकार निभाए अपना धर्म

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां (टी.आर. सैनी)।** किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने कहा कि राज्य में अतिवृष्टि के कारण 75 से 100 प्रतिशत तक फसलें खराब हो चुकी हैं, ऐसे में सरकार को चाहिए कि किसानों को उचित क्षतिपूर्ति देकर अपना धर्म निभाए। वे शुक्रवार को नैनवां दौरे पर थे, जहां उन्होंने शिवपुरी कॉलोनी में वरिष्ठ पत्रकार की दिवंगत माता को श्रद्धांजलि अर्पित की और किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने किसानों की मौजूदा हालत पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जुलाई के दूसरे पखवाड़े में ही यह स्पष्ट हो गया था कि बुवाई का समय समाप्त हो चुका है और फसलें पूरी तरह नष्ट हो रही हैं, इसके बावजूद सरकारों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों से बीमा प्रीमियम वसूलना जारी रखा। जब फसल कटाई प्रयोग ही नहीं हो सकेगा तो किसानों को



बीमा क्लेम मिलना असंभव है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की मार्गदर्शिका के अनुसार बीमा राशि की केवल 25 प्रतिशत अग्रिम राशि देकर शेष क्लेम से किसानों को वंचित किया जा रहा है, जबकि सूखा या बाढ़ जैसी आपदाओं के कारण 75 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र में बुवाई न होने पर बीमित किसानों को 'रोकी गई बुवाई' श्रेणी में पूरा दावा मिलना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों को शीघ्र राहत नहीं दी गई तो व्यापक विरोध होगा। उन्होंने बताया कि खेत को पानी, फसल को दाम, युवाओं को काम जैसे मुद्दों को लेकर 6 अक्टूबर को जयपुर में अन्नदाता हुंकार रैलीका आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जा चुका है। रामपाल जाट ने बताया कि इस रैली के लिए वे अब तक अलवर, खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, सीकर, टोंक, जयपुर, अजमेर, ब्यावर, जोधपुर, मेड़ता, डींडवाना सहित कई जिलों का दौरा कर चुके हैं और अब चाकसू, सवाई माधोपुर, मलारना चौड़ और बूंदी जिले के नैनवां क्षेत्र का प्रवास कर रहे हैं। इसी क्रम में वे खराब फसलों का निरीक्षण भी कर रहे हैं। इस मौके पर किसान महापंचायत के प्रदेश मंत्री बत्ती लाल बैरवा, टोंक जिला अध्यक्ष गोपी लाल जाट, युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, निवाई तहसील अध्यक्ष दशरथ सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष तुलसीराम सैनी, महामंत्री कजोड़मल धाकड़, तहसील अध्यक्ष भरतराज मीणा, तहसील महामंत्री राम प्रकाश नगर समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## इजराइल का 72 घंटों में 6 मुस्लिम देशों पर हमला

# 200 की मौत, 1000 घायल

## नेतन्याहू बोले-जो अमेरिका ने किया, वही कर रहे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** इजराइल ने पिछले 72 घंटों में 6 देशों पर हमला किए हैं। इसमें गाजा (फिलिस्तीन) समेत सीरिया, लेबनान, कतर, यमन और ट्यूनीशिया शामिल हैं। इन हमलों में 200 से ज्यादा लोग मारे गए और 1000 से ज्यादा घायल हुए हैं। ये हमले सोमवार से बुधवार के बीच में किए गए। इजराइल का कहना है कि वो इन देशों में आतंकी ठिकानों को निशाना बना रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसे लेकर इजराइली पीएम नेतन्याहू से नाराजगी जताई है। हालांकि इजराइली पीएम नेतन्याहू ने कतर की राजधानी दोहा में हमास के अधिकारियों पर किए गए हमले का बचाव किया। उन्होंने इस हमले की तुलना 9/11 के हमलों के बाद अमेरिका की कार्रवाई से की। उन्होंने कहा इजराइल ने भी वही किया जो अमेरिका ने उस वक्त किया था। इजराइली सेना ने मंगलवार को कतर की राजधानी दोहा पर हवाई हमला किया था। यह हमला हमास के चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर किया गया था। इसमें अल-हय्या का बेटा, ऑफिस डायरेक्टर, तीन गार्ड और एक कतरी सुरक्षा अधिकारी समेत छह लोग 6 लोगों की मारे गए थे । इस हमले के वक्त हमास नेता अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव पर आपस में चर्चा कर रहे थे। इस हमले के बाद हमास ने युद्ध विराम से इनकार कर दिया। इजराइल ने सोमवार को पूर्वी लेबनान के बेका और हरमेल जिलों में हवाई हमले किए, जिसमें 5 लोगों की जान गई। इजराइली सेना ने दावा किया कि इस हमले में हिजबुल्लाह के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। हालांकि हिजबुल्लाह ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। मंगलवार को इजराइली ड्रोन ने हिजबुल्लाह के एक सदस्य पर हमला किया था। नवंबर 2024 में इजराइल और लेबनान में सीजफायर हुआ था। लेकिन इसके बाद भी इजराइल लेबनान के दक्षिणी हिस्से पर हमले करता रहता है। इजराइली फाइटर जेट ने सोमवार को सीरिया के एयरफोर्स बेस और सेना के कैंप पर हमले किए। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स (SOHR) के मुताबिक इसमें किसी के हताहत की सूचना नहीं मिली है। इन हमलों को सीरिया के विदेश एवं प्रवासी मंत्रालय ने देश के संप्रभुता का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि इजराइल राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। सीरिया और इजराइल में 1974 में सैन्य वापसी समझौते के तहत एक दूसरे पर हमला न करने पर सहमति बनी थी। लेकिन पिछले साल दिसंबर में सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के पतन के बाद से इजराइली सेना लगातार सीरिया के सैन्य ठिकानों और इंफ्रास्ट्रक्टर को निशाना बना रही है। SOHR की रिपोर्ट बताती है कि इस साल इजराइल ने सीरिया पर 86 हवाई और 11 जमीनी हमले किए हैं। इसमें 61 लोग मारे गए और 135 जगहों को निशाना बनाया गया है। इजराइली ड्रोन ने सोमवार को रात में ट्यूनीशिया के पोर्ट पर फैमिली बोट पर हमला दिया। इस जहाज में 6 लोग सवार थे, जो पुर्तगाली झंडा लगाकर यात्रा कर रहे थे। GSF के मुताबिक, इस हमले में किसी की जान नहीं गई। इजराइली ड्रोन ने मंगलवार को भी ब्रिटेन का झंडा लगाकर यात्रा कर रहे जहाज को निशाना बनाया था। 2010 से अब तक गाजा के इलाके में घुसने की कोशिश करने वाले जहाजों पर इजराइली ड्रोन हमला कर रहे हैं। इजराइल ने बुधवार को यमन की राजधानी सना पर 15 दिनों में दूसरा हमला किया। इसमें हूती ठिकानों को निशाना बनाया गया। यह हमला सना हवाई अड्डे पर किया गया था। इससे पहले 28 अगस्त को इजराइल ने सना पर हमला किया था, जिसमें हूती प्रधानमंत्री अहमद अल-रहावी समेत 10 लोग मारे गए थे और 90 लोग घायल हुए थे। इजराइली हमलों से सोमवार को गाजा में करीब 150 लोग मारे गए हैं और 540 घायल हुए। गाजा में 2023 से अब तक कुल 64,600 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके है। गाजा में अब तक 400 लोग भुखमरी से और हजारों लोग मलबे में दबकर मारे जा चुके है।





## भावी खतरों का सामना कैसे? समुद्री चुनौतियों का जिक्र कर नेवी चीफ एडमिरल त्रिपाठी ने दिया ये जवाब



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने शुक्रवार को कहा कि तेजी से बदलते और जटिल समुद्री माहौल में, जहां खतरे अचानक और कई बार अदृश्य रूप से सामने आते हैं, ऐसे समय में जानकारी को तुरंत इकट्ठा करना, उसका विश्लेषण करना और साझा करना ही असली 'रोकथाम और रक्षा' तय करेगा। वे गुरुग्राम में नौसेना के नए बेस आईएनएस अरावली के जलावतरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, 'भविष्य के खतरों का सामना केवल आज के सहयोग से ही किया जा सकता है।' रक्षा मंत्रालय ने बताया कि अरावली पर्वत श्रृंखला से प्रेरित नाम वाला यह नया बेस, भारतीय नौसेना की सूचना और संचार व्यवस्था को मजबूत करेगा। यह देश और नौसेना कमान, नियंत्रण और समुद्री डोमेन जागरूकता (एमडीए) ढांचे के लिए महत्वपूर्ण है। नौसेना प्रमुख त्रिपाठी ने कहा कि 1949 से शुरू हुआ यह परिसर पिछले 15 वर्षों में बेहद विकसित हुआ है। 2014 में सूचना प्रबंधन एवं विश्लेषण केंद्र (आईएमएसी) और 2018 में सूचना संलयन केंद्र-हिंद महासागर क्षेत्र (आईएफसी-आईओआर) की स्थापना के बाद, यह परिसर अब देश और दुनिया के लिए समुद्री जानकारी साझा करने का अहम केंद्र बन चुका है। उन्होंने कहा, 'भविष्य में सूचना ही समुद्री ताकत की असली पूंजी होगी। जैसे-जैसे भारत 'विकसित भारत' की ओर बढ़ रहा है, वैसे-वैसे हमारे समुद्री हित भी कई गुना बढ़ेंगे- चाहे वह व्यापार हो, ऊर्जा हो या कनेक्टिविटी। इन हितों की रक्षा के लिए हमारा सूचना तंत्र आविष्कार, नवाचार और एकीकरण की त्रिमूर्ति से संचालित होना चाहिए।' नौसेना प्रमुख ने बताया कि आईएनएस अरावली सिर्फ एक प्रौद्योगिकी केंद्र ही नहीं होगा, बल्कि सहयोग का भी केंद्र बनेगा, जो नौसेनिक फ्लेटफॉर्म्स और अंतरराष्ट्रीय साझेदारों को जोड़ेगा।

### मत्स्य सेवा संवर्ग के विभिन्न पदों पर पदोन्नति के लिए डीपीसी की बैठक आयोजित

**बढ़ता राजस्थान,जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य श्री अयुब खान की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन सचिवालय में मत्स्य विभाग के विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डॉ समित शर्मा, शासन सचिव, मत्स्य विभाग, श्री दिनेश कुमार शर्मा, संयुक्त शासन सचिव, कार्मिक विभाग एवं श्रीमती संचिता बिश्नोई, निदेशक, मत्स्य विभाग समिति सदस्य के रूप में उपस्थित रहे। मत्स्य विभाग में मत्स्य राज्य सेवा के संयुक्त निदेशक, उप निदेशक एवं सहायक निदेशक तथा मत्स्य अधीनस्थ सेवा के सहायक मत्स्य विकास अधिकारी के रिक्त पदों पर वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की रिक्तियों के विरूद्ध पदोन्नति के लिए यह बैठक आयोजित हुई।

### प्रवासी राजस्थानी दिवस-2025

## मुख्य सचिव ने विभिन्न देशों व राज्यों के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर दिए दिशा-निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने आगामी 10 दिसम्बर को आयोजित होने वाले पहले प्रवासी राजस्थानी दिवस की सभी तैयारियां समय रहते हुए पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस बाबत विभिन्न देशों और राज्यों के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारियों की शुक्रवार को शासन सचिवालय में बैठक ली और निर्देश दिए कि राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मीट और अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मीट में प्रवासी राजस्थानियों की अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव ने सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि 10 दिसंबर को आयोजित होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस के दौरान शिक्षा, पर्यटन, उद्योग, स्वास्थ्य एवं जल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर सेशन आयोजित किया जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों के साथ अन्य राज्यों के प्रवासी भारतीयों को भी 10 दिसंबर को आयोजित प्रवासी राजस्थानी दिवस में आमंत्रित किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि इस संबंध में विभिन्न देशों से आए प्रस्ताव को अपने स्तर पर चेक करें, अगर किसी देश के प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से मिलना चाहते हैं तो उनके साथ देशीय प्रभारी भी साथ रहे ताकि प्रभारी अधिकारी बाद में फ़ॉलोअप ले सके। पंत ने यह भी निर्देश दिए कि प्रभारी अधिकारी अन्य देशों और राज्यों से संपर्क बनाकर उनके साथ भावनात्मक रूप से जुड़ें।



## 17 सितम्बर से शुरू होगा ग्रामीण सेवा शिविर अभियान

**बढ़ता राजस्थान, जयपुर।** राज्य के सभी जिलों में 17 सितंबर से ग्रामीण सेवा शिविर अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। जयपुर अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री देवेंद्र कुमार जैन ने बताया कि अभियान के प्रथम सप्ताह में 17, 18 और 19 सितम्बर को प्रतिदिन दो-दो ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित होंगे। इसके बाद प्रत्येक सप्ताह गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को दो-दो ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। 2 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले सहकार सदस्यता अभियान के शिविर भी इन्हीं ग्रामीण सेवा शिविरों के साथ एक ही स्थल पर आयोजित होंगे। एडीएम ने बताया कि ग्रामीण सेवा शिविरों का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं और योजनाओं को गांव स्तर तक पहुंचाना और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

### 'फलस्तीन निर्माण' को अमेरिका का समर्थन

# UN की बैठक से पहले इस्राइल जाएंगे विदेश मंत्री रुबियो

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो अगले हफ्ते इस्राइल का दौरा करेंगे। यह दौरा उस समय हो रहा है, जब संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीनी देश के गठन पर बहस होने वाली है, जिसे बेहद विवादास्पद माना जा रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को इस बारे में जानकारी दी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच कतर में हमास नेताओं पर इस्राइल के हमले को लेकर तनाव के बावजूद, रुबियो रविवार (स्थानीय समयानुसार) से दो दिवसीय यात्रा पर इस्राइल पहुंचेंगे। दौरे के दौरान वह पूर्वी यरुशलम में एक विवादास्पद पुरातात्विक स्थल का दौरा कर सकते हैं, जिस पर फलस्तीनी भावी देश की राजधानी होने का दावा करते हैं।



### कतर के प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे रुबियो

इससे पहले, रुबियो कतर के प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे। कतर समेत कई अरब देशों ने दोहा में हमास नेताओं पर हुए इस्राइली हमले की निंदा की थी। इस हमले ने मध्य पूर्व में व्यापक शांति समझौते की ट्रंप की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है, क्योंकि सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और कतर के शासक इस्राइल के खिलाफ गुस्से में एकजुट हो गए हैं।

### ट्रंप ने कतर से किया वादा-ऐसा दोबारा नहीं होगा

राष्ट्रपति ट्रंप ने भी इस हमले से दूरी बनाई है और कहा कि यह 'न तो इस्राइल और न ही अमेरिका के हित में है।' उन्होंने कतर से वादा किया है कि ऐसा दोबारा नहीं होगा। इसके बावजूद, हमास द्वारा सात अक्तूबर, 2023 को किए गए हमले से शुरू हुए युद्ध में अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का लगातार उल्लंघन करने वाली इस्राइली सरकार के प्रति उनका दृढ़ समर्थन खाड़ी क्षेत्र में चिता का विषय है और रुबियो को अपनी यात्रा के दौरान इस मुद्दे को उठाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### रुबियो इन मुद्दों पर अमेरिका की प्राथमिकताओं को करेंगे व्यक्त

विदेश विभाग ने कहा कि रुबियो इस्राइल-हमास संघर्ष और मध्य पूर्व सुरक्षा से जुड़े व्यापक मुद्दों में अमेरिका की प्राथमिकताओं को व्यक्त करेंगे। साथ ही इस्राइली सुरक्षा के प्रति अमेरिकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगे। इसके अलावा, ट्रंप प्रशासन की फलस्तीनी देश को एकतरफा मान्यता देने समेत इस्राइल विरोधी कार्रवाइयों से लड़ने की प्रतिबद्धता पर जोर देंगे। उनकी यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब बंधकों की रिहाई और युद्धविराम समझौते के प्रयास ठप हो गए हैं और इस्राइल गाजा सिटी पर कब्जे की ओर बढ़ रहा है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बहता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड खण्डवा, निवाई टोंक (राज.) से मुदित एवं 185/ 116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888, जयपुर फोन नं. 0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास ई, टोंक मो.नं. 9414823448 अलवर कार्यालय मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर मो.नं. 7733000123, कोटा कार्यालय छावनी मेन रोड, कोटा मो.नं. 7023350734। ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com "पीआरवी एक्ट के तहत समाचार चवन के लिए जिम्मेदार